RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 56 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 16 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

बड़ा झटका

कांग्रेस के खाते फ्रीज

IT ने 210 करोड़ की रिकवरी का दिया आदेश

कांग्रेस के पास बिजली का बिल भरने तथा सैलरी देने के पैसे नहीं हैं। खाते से पैसा नहीं निकाल पा रहे।
-अजय माकन
प्रवक्ता कांग्रेस

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव-2024 से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कि कांग्रेस और यूथ कांग्रेस के सभी अकाउंट फ्रीज कर दिए गए हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता अजय माकन ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी है।

प्रेस कांफ्रेंस में अजय माकन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सभी अकाउंट्स फ्रिज हो गए हैं। हमारे देश पर तालाबंदी हो गई. हमारे देश में डेमोक्रेसी फ्रिज हो गई है। हफ्ते रह गए हैं चुनाव की तारीखों के ऐलान के लिए इस बीच यह कदम उठाकर सरकार क्या साबित करना चाहती है। देश की प्रमुख पार्टी के अकाउंट्स फ्रीज कर दिए गये हैं. इनकम टैक्स विभाग ने वर्ष-2018-19 टैक्स मामले में 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है।

माकन ने कहा कि पार्टी को रिटर्न फाइल करने में देर हो गई थी। लेकिन 45 दिन का और टाइम दिया गया था. इसका मतलब यह नहीं है कि खाता ही फ्रीज कर दिया जाए। (शेष पृष्ठ-3 पर)

कांग्रेस का एक ही एजेंडा मुझे गाली देना : पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक कार्यक्रम में कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है। ऑन लाइन कई योजनाओं की शुरूआत के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का एक ही एजेंडा है, मोदी को गाली देना...वे विकसित भारत का नाम भी नहीं लेते क्योंकि मोदी इसके लिए काम करते हैं, वे 'मेड इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' का समर्थन नहीं करते हैं। क्योंकि मोदी इसका समर्थन करते हैं...मोदी जो भी करेंगे, वे उसका उल्टा करेंगे, भले ही इससे देश को नुकसान हो। कांग्रेस का एक ही एजेंडा है 'मोदी विरोध', 'घोर मोदी विरोध'...आज , हर कोई कांग्रेस छोड़ रहा है, सिर्फ एक ही परिवार नजर आ रहा है। पिछले साल 1 नवंबर को नोएडा पुलिस ने पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था की शिकायत पर पांच सपेरों को विष के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में बिग बॉस विजेता (शेष पृष्ठ-3 पर)

भारत बंद का पंजाब में असर

दिल्ली के बॉर्डरों पर ट्रैफिक जाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। एमएसपी सहित कई मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आज भारत बंद का आह्वान किया है। बंद का सबसे ज्यादा असर पंजाब में देखने को मिला है। वहीं राजधानी दिल्ली के बॉर्डरों पर चैकिंग के कारण वाहनों की लम्बी कतार लग गई। उधर किसानों और सरकार के बीच तीसरे दौर की बैठक बेनतीजा रही। बीती रात 1.30 बजे तक चली इस बैठक में केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा (शेष पृष्ठ-3 पर)

गाजीपुर बॉर्डर पर भारी ट्रैफिक जाम

भारत बंद के चलते दिल्ली-यूपी के गाजीपुर बॉर्डर पर ट्रैफिक जाम हो गया है। यहां यात्रियों को दिल्ली में प्रवेश करने में देरी और ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। भारत बंद के चलते आज कई जगह लंबा जाम लगा। भारत बंद के मद्देनजर बठिंडा का बस स्टैंड खाली पड़ा रहा। यहां से निजी व सरकारी कोई भी बस नहीं चली।

क्राइम फाईल

कार से मारी टक्कर, फिर तोड़ दी नाक की हड्डी

नोएडा (चेतना मंच)। कार की टक्कर लगने का विरोध करने पर कार चालक ने गलती मानने के बजाय पीड़ित के साथ मारपीट कर उसकी नाक तोड़ दी। पीड़ित ने आरोपी कार चालक के खिलाफ थाना सेक्टर-49 में मुकदमा दर्ज कराया है।

कृष्णा पार्क गली नंबर-6 दिल्ली निवासी नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि वह 24 जनवरी को अपने दफ्तर से घर जा रहा था। इस दौरान सेक्टर-51/52 के रास्ते पर कार चालक ने बैक करते हुए उसे टक्कर मार दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो कार चालक ने गलती मानने के बजाय उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। कार चालक ने उसके चेहरे पर मुक्के से प्रहार किया जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

कमरे से दो लैपटॉप चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सर्फाबाद गांव में रहने वाले एक युवक के कमरे से चोरों ने दो लैपटॉप चोरी कर लिए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सर्फाबाद गांव में रहने वाले विवेक सिंह ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 5 फरवरी की सुबह को वह पड़ोस की दुकान से कुछ सामान खरीदने के लिए गया था। इस दौरान उसने अपने दरवाजे को लॉक नहीं किया था। कुछ समय बाद में जब वापस आया तो उसे कमरे में रखे दो लैपटॉप गायब मिले उसने लैपटॉप की काफी तलाश की लेकिन उनका कोई पता नहीं चला। (शेष पृष्ठ-3 पर)

कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा के फलेंदा बांगर गांव में घर के पास कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोगों को चोटे आई हैं। दोनों पक्षों की तरफ से थाना रबूपुरा में मामला दर्ज कराया गया है।

ग्राम फलेंदा बांगर निवासी सूरजपाल ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी बेटी शिवानी व मधु घर के आप-पास कूड़ा डालने के लिए गई थी। इस दौरान वहां खड़े अमित उर्फ बंटी, संजय, रामू, अनुज, नीरज, योगेश, निक्की, पंकज, रामू, राजू, अजय आदि ने उनकी बेटी के साथ गली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों बेटियों के साथ मारपीट कर जाति सूचक शब्द कहे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

मोबाइल टॉवरों से उपकरण चुराने वाला गिरोह पकड़ा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। शहर में विभिन्न मोबाइल कंपनियों के लगे टावरों से बैटरी व कीमती उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को थाना बीटा-दो पुलिस में गिरफ्तार किया है इनके पास से दो तमंचे कारतूस चोरी का एक आरआरयू व चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि बीती रात्रि पुलिस को मुकुल से सूचना मिली कि मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य सेक्टर सिग्मा 3 की सर्विस रोड पर चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बस की ओट में बैठे चार आरोपियों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से दो तमंचे कारतूस दो पेज का हथौड़ा नट बोल्ट खोलने की चाबी व एक आरआरयू बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने (शेष पृष्ठ-3 पर)

स्क्रैप माफिया रवि काना की पत्नी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर के बड़े स्क्रैप माफिया रवि काना से जुड़ी एक बड़ी खबर इस समय सामने आ रही है। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा रवि काना व उसके गैंग से जुड़े लोगों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने के बाद बड़ी कार्रवाई हुई है।

लुक आउट नोटिस पर कार्रवाई करते हुए स्क्रैप माफिया रवि काना की पत्नी मधु नागर को दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि रवि काना की पत्नी विदेशी भागने की फिराक में थी। लेकिन लुक आउट नोटिस के चलते उसे दिल्ली एयरपोर्ट से

गिरफ्तार किया गया है।

आपको बता दें कि रवि काना एक स्क्रैप माफिया है, जो सरिया या स्क्रैप के कारोबार में लंबे वक्त से शामिल है। रवि काना गैंग के लोग अलग-अलग निर्माणाधीन साइटों पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

गैंग रेप का आरोपी है रवि काना

पिछले दो महीनों में गैंग के दर्जनों सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जनवरी में काना और 15 लोगों को गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाया गया था। पिछले साल दिसंबर में काना पर गैंग रेप का आरोप लगा था जब उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गार्डेन गलेरिया मॉल के पार्किंग लॉट में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम दिया था। थाना सेक्टर 39 कोतवाली में रवि काना सहित उसके गैंग के चार अन्य लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था।

नोएडा में बंद का नहीं दिखा असर

नोएडा (चेतना मंच)। किसान और मजदूर संगठन द्वारा बुलाए गए भारत बंद का असर नोएडा व ग्रेटर नोएडा में असर नहीं दिखा। पुलिस ने बंद में शामिल होने जा रहे सीटू कार्यकर्ताओं को उनके कार्यालय पर ही रोक दिया। भारत बंद को देखते हुए नोएडा में जगह-जगह पुलिस की टीमें लगाई गई थीं। यहां मुख्य बाजार भी पूरी तरह खुले रहे।

मजदूरों किसानों की कई मांगों/ मुद्दों को लेकर मजदूर संगठनों व संयुक्त किसान मोर्चे के संयुक्त आह्वान पर हो रहे देशव्यापी हड़ताल के तहत आज सेक्टर- 8 (शेष पृष्ठ-3 पर)

भीड़भाड़ वाले सेक्टर में चाकूबाजी, दो घायल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर अल्फा-2 में बाइक सवार ने कार में टक्कर मार दी। कार चालक द्वारा विरोध करने पर बाइक सवारों ने मारपीट कर दो लोगों को चाकू मार कर घायल कर दिया। भीड़भाड़ वाले सेक्टर में हुई इस वारदात से अफरा-तफरी मच गई। दोनों घायलों को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ग्रेटर नोएडा के स्वर्ण नगरी निवासी धर्मपाल ने बताया कि वह अपनी पत्नी, साले सनी व उसके दोस्त प्रिंस अपनी कार से सेक्टर अल्फा दो की तरफ आ रहे थे। वह जैसे ही सेक्टर अल्फा-2 के चौराहे पर पहुंचे तो पीछे से तेज गति में आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने उनकी कार में (शेष पृष्ठ-3 पर)

मोबाइल शॉप से लाखों के फोन चोरी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सूरजपुर क्षेत्र के सूरजपुर कस्बे में मोबाइल की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए के मोबाइल फोन पर हाथ साफ कर दिया। चोर दुकान से करीब 7 लाख रुपए मूल्य के मोबाइल फोन को चोरी कर ले गए। चोरी की पूरी घटना दुकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने थाना सूरजपुर में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

ग्राम धूम मानिकपुर धूमखेड़ा निवासी संदीप नागर ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उनकी सूरजपुर कस्बे में रॉयल मोबाइल हाउस के नाम से दुकान है। 14 फरवरी को वह दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे 15 फरवरी की सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो उन्हें शटर टूटा हुआ मिला। दुकान के भीतर जाने पर पता चला कि चोर 16 स्मार्ट मोबाइल फोन, 30 कीपैड फोन 20 स्मार्ट वॉच (शेष पृष्ठ-3 पर)

चार किशोरियां लापता, पड़ोसी भगा ले गया लड़की

नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग स्थान से चार किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। एक किशोरी के परिजन ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सालारपुर खादर में किराए पर रहने वाले विवेक (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी 14 वर्षीय बेटी को पड़ोस में रहने वाला सुखबीर नाम का युवक 13 फरवरी को बहला फुसला कर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सेक्टर-113 में सर्फाबाद गांव में किराए पर रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी बीते 7 फरवरी से लापता है। उसकी

बेटी घर से मार्केट को सामान लेने गई थी इसके बाद वह वापस नहीं लौटी काफी तलाश में पर भी उसका कोई पता नहीं।

थाना एक्सप्रेसवे क्षेत्र के वजीरपुर गांव में किराए पर रहने वाली पारुल (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय बहन 10 फरवरी को घर से अपनी बड़ी बहन के पास जाने के लिए निकली थी। वह बहन के घर नहीं पहुंची काफी तलाशने पर भी उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। सभी परिचितों को फोन कर उसके बारे में जानकारी की गई लेकिन कोई पता नहीं चला।

वहीं थाना सूरजपुर में कस्बा निवासी दिनेश (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से बिना बताए चली गई। काफी तलाशने पर भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि किशोरियों की तलाश की जा रही है।

भोपाल में मालिक, नोएडा में कब्जा लिया मकान

नोएडा (चेतना मंच)। भोपाल में रहने वाले एक व्यक्ति के फ्लैट पर अज्ञात लोगों ने जबरन कब्जा कर लिया। आरोपी ने फ्लैट से सामान चोरी करने के बाद निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया। पड़ोसियों से जानकारी मिलने पर मकान मालिक ने थाना सेक्टर-24 में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। भोपाल निवासी सुदीप्तो साहा ने बताया कि उनका सेक्टर-22 जी ब्लॉक में एक मकान है। वह अधिकतर भोपाल में रहते हैं जिस कारण यह मकान पिछले काफी समय से बंद पड़ा हुआ है। वह समय-समय पर नोएडा स्थित अपने इस मकान पर आते थे। इस कारण मकान में उनका कुछ घरेलू सामान भी रखा रहता था। बीते 4 फरवरी को उनके पड़ोसी ने बताया कि उनके मकान में एक व्यक्ति तोड़फोड़ कर निर्माण कार्य कर रहा है। यह जानकारी मिलने पर वह तुरंत नोएडा पहुंचे तो उन्हें मकान टूटी-फूटी अवस्था में मिला। मकान के भीतर रखा हुआ सारा सामान चोरी हो गया था। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी और बताया कि किसी (शेष पृष्ठ-3 पर)

फंसा एल्विश : रेव पार्टी में इस्तेमाल हुआ था सांपों का जहर

● एफएसएल की रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

नोएडा (चेतना मंच)। बिग बॉस फेम एल्विश यादव की मुश्किलें अब बढ़ सकती हैं। नोएडा की रेव पार्टियों में नशे के लिए इस्तेमाल हो रहे सांपों के जहर के मामले में एक नई बात सामने आई है। जयपुर एफएसएल की रिपोर्ट में सांपों के जहर का होना पाया गया है।

आपको बता दें कि बीते वर्ष 1 नवंबर को नोएडा पुलिस ने पीपुल्स फॉर एनिमल संस्था की शिकायत पर पांच सपेरों को विष के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में बिग बॉस विजेता

एल्विश यादव को भी नामजद किया गया था।

मामले में एल्विश के ही माध्यम से सांपों के जहर को रेव पार्टी में सप्लाई करने के आरोप लगाए गए थे। मामले में पुलिस ने एल्विश यादव से भी पूछताछ की थी लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। सपेरों से बरामद विष को जयपुर स्थित एफएसएल भेजा गया था। करीब तीन माह बाद इसकी रिपोर्ट आई है। इसमें विष को सांपों का जहर बताया गया है।

बताया जा रहा है कि जयपुर एफएसएल की रिपोर्ट नोएडा पुलिस को मिल गई है।

हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। इस मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था लेकिन बाद में इसे कोतवाली सेक्टर-20 ट्रांसफरकर दिया गया था। इस मामले में 100 दिन के बाद भी पुलिस एल्विश यादव से ना दोबारा पूछताछ कर पाई नहीं।

ऐसे हुआ सांप वाली पार्टी का खुलासा

सांसद मेनका गांधी द्वारा संचालित संस्था पीपुल्स फार एनिमल (पीएफए) में एनिमल वेलफेयर में ऑफिसर के पद पर कार्यरत गौरव गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उन्होंने एक ग्राहक बनकर यूट्यूबर एल्विश यादव को फोन कर रेव पार्टी आयोजित कराने की बात की और सांप का बंदोबस्त करने में मदद मांगी थी।

रिटायर्ड विंग कमांडर के साथ साइबर ठगी

नोएडा (चेतना मंच)। साइबर ठग आए दिन लोगों को अपने जाल में फंसा कर ठगी का शिकार बना रहे हैं। साइबर ठग ने एक रिटायर्ड विंग कमांडर को अपने जाल में फंसाकर उनके खाते से 86000 रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-107 निवासी रिटायर्ड विंग कमांडर देवेंद्र ने बताया कि उनका स्पीड पोस्ट के माध्यम से एक पार्सल आना था। 12 फरवरी को वह अपने पार्सल की ट्रैकिंग कर रहे थे लेकिन उनका पार्सल पिछले एक सप्ताह से डिलीवर नहीं हो रहा था। उन्होंने स्पीड पोस्ट ट्रैकिंग साइट पर दिए गए कस्टमर केयर फोन नंबर पर कॉल की। कस्टमर केयर से बताया गया कि उनका पता गलत होने के कारण पार्सल डिलीवर नहीं हो रहा है उन्हें अपना पता ठीक करना होगा और 5 रूपये का भुगतान करना होगा।

उन्होंने डिलीवरी के समय पोस्टमैन को 5 रूपये का भुगतान करने की बात कही। लेकिन कस्टमर केयर के प्रतिनिधि ने बताया कि उन्हें पेमेंट ऑनलाइन ही करना पड़ेगा। 5 रूपये का भुगतान करने के लिए उनके मोबाइल फोन पर एक लिंक भेजा गया। इस लिंक के जरिए उन्होंने यूपीआई से 5 रूपये का भुगतान (शेष पृष्ठ-3 पर)

कारोबारी रिश्ता

यूं तो एक दशक में प्रधानमंत्री का संयुक्त अरब अमीरात का सातवां दौरा मध्यपूर्व में सबसे बड़े हिंदू मंदिर के निर्माण के कारण ज्यादा चर्चा में है, लेकिन सही मायनों में यह यात्रा कारोबारी रिश्तों को नए आयाम देने वाली भी है। इस यात्रा के दौरान दोनों मुल्कों ने दस अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए हैं। जिसमें आर्थिक गतिविधियों को सहजता प्रदान करने के लिये यूपीआई पेमेंट सिस्टम का लॉन्च करना भी शामिल है। भारत और यूएई के बीच गहरे होते रिश्तों का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 1970 तक दोनों देशों के बीच जो सालाना व्यापार महज 18 करोड़ डॉलर का था वह अब बढ़कर 85 अरब डॉलर तक जा पहुंचा है। अमेरिका के बाद भारत यूएई को सबसे ज्यादा सामान निर्यात करता है जो वर्ष 2022-23 में बत्तीस अरब डॉलर के करीब था। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में भारत ने यूएई के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता किया था। वहीं अब द्विपक्षीय समझौते से भारत में निवेश बढ़ने की उम्मीद है। इसके साथ ही भारत के यूपीआई के यूएई की एएएनआई से इंटरलिंक के बाद दोनों देशों में पैसे का ट्रांसजेक्शन सहजता से हो सकेगा। हाल की प्रधानमंत्री की यूएई यात्रा में ऊर्जा सुरक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन और ऊर्जा संग्रहण आदि मुद्दों पर सहमति बनी है। वहीं इंडिया मिडल ईस्ट इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर भी यूएई सहमत है। जो कच्चे तेल आदि की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती देगा। इसके अलावा दोनों देशों में प्राचीन दस्तावेजों के रखरखाव व पुनरुद्धार पर भी सहमति बनी है। आज जब यूएई भारत में विदेशी निवेश के मामले में सातवें स्थान पर है तो इससे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों में गर्मजोशी का अहसास किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जहां यूएई भारत के लिए चौथा बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता देश है, वहीं भारत से यूएई को खाद्य पदार्थ ,महंगी धातु, हीरे-जवाहरात, खनिज पदार्थ , कपड़े, मशीनरी व इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात होता है। यूएई में भारत के प्रवासियों की श्रमशक्ति एक बड़ी ताकत है। करीब पैंतीस लाख भारतीय हर साल अपनी कमाई में से बीस अरब डॉलर की धनराशि भारत भेजते हैं। अब भारतीय वहां महज श्रमिक के रूप में नहीं जाते। करीब पैंतीस फीसदी भारतीय अब प्रतिष्ठा वाले कामों में लगे हैं। वैसे प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात की सातवीं यात्रा कई मायनों में महत्वपूर्ण है। इस चुनावी वर्ष में यूएई में सबसे बड़े हिंदू मंदिर के उद्घाटन के चलते यह यात्रा खासी चर्चा में रही है। इस मंदिर के लिये भूमि राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाह्यान ने लीज पर दी है। आबूधाबी में एक स्टेडियम में साठ हजार से अधिक प्रवासी भारतीयों को संबोधन तथा मंदिर के उद्घाटन से प्रधानमंत्री की यात्रा भारत व यूएई के मीडिया की सुर्खियों में रही है। एक इस्लामिक देश में एक बड़े मंदिर का बनना यूएई की सहिष्णुता का ही परिचायक है। दोनों देशों के संबंधों की गर्मजोशी इस बात से पता चलती है कि यूएई के राष्ट्रपति पिछले दिनों वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम में भाग लेने गुजरात आए थे और एक रोड शो में भी शामिल हुए। दरअसल, हाल के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय राजनय में भारत की बढ़ती भूमिका और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने यूएई को भारत के महत्व का अहसास कराया है। जिसके चलते कुछ वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री मोदी को यूएई का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायेद' प्रदान किया गया था। निस्संदेह, भारत व खाड़ी के इस देश के बीच इतने गहरे ताल्लुकात कभी नहीं रहे हैं। यूएई में साहिष्णुता व बहुरंगी संस्कृति की एक वजह यह भी है कि वहां के मूल निवासी बारह फीसद के करीब हैं और बहुसंख्यक आबादी प्रवासी है। करीब दो सौ देशों की बड़ी प्रवासी आबादी में एक तिहाई आबादी भारतीयों की है। जो राजशाही के बावजूद यूएई की विदेश नीति को प्रभावित करने की क्षमता रखती है। बहरहाल, आज भारत व यूएई के संबंध ऐतिहासिक दौर में हैं। जिसमें भारत के मजबूत नेतृत्व की बड़ी भूमिका को संयुक्त राज्य अमीरात का नेतृत्व पसंद भी करता है।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि एवमस्तु (ऐसा ही हो) कहकर रघुवंश के स्वामी परम सुख देने वाले वचन बोले- हे काक! सुन, तू स्वभाव से ही बुद्धिमान है। ऐसा वरदान कैसे न माँगता॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

सब सुख खानि भगति तैं मागी। नहिं जग कोउ तोहि सम बड़भागी॥
जो मुनि कोटि जतन नहिं लहहीं। जे जप जोग अनल तन दहहीं॥

तूने सब सुखों की खान भक्ति माँग ली, जगत में तेरे समान बड़भागी कोई नहीं है। वे मुनि जो जप और योग की अग्नि से शरीर जलाते रहते हैं, करोड़ों यत्न करके भी जिसको (जिस भक्ति को) नहीं पाते॥

रीझेउँ देखि तोरि चतुराई। मागेहु भगति मोहि अति भाई॥
सुनु बिहंग प्रसाद अब मोरें। सब सुभ गुन बसिहहिं उर तोरें॥

वही भक्ति तूने माँगी। तेरी चतुरता देखकर मैं रीझ गया। यह चतुरता मुझे बहुत ही अच्छी लगी। हे पक्षी! सुन, मेरी कृपा से अब समस्त शुभ गुण तेरे हृदय में बसेंगे॥

भगति ग्यान बिग्यान बिरागा। जोग चरित्र रहस्य बिभागा॥
जानब तैं सबही कर भेदा। मम प्रसाद नहिं साधन खेदा॥

भक्ति, ज्ञान, विज्ञान, वैराग्य, योग, मेरी लीलाएँ और उनके रहस्य तथा विभाग- इन सबके भेद को तू मेरी कृपा से ही जान जाएगा। तुझे साधन का कष्ट नहीं होगा॥

दो0-माया संभव भ्रम सब अब न ब्यापिहहिं तोहि।
जानेसु ब्रह्म अनादि अज अगुन गुनाकर मोहि॥

माया से उत्पन्न सब भ्रम अब तुझको नहीं व्यापेंगे। मुझे अनादि, अजन्मा, अगुण (प्रकृति के गुणों से रहित) और (गुणातीत दिव्य) गुणों की खान ब्रह्म जानना॥

मोहि भगत प्रिय संतत अस बिचारि सुनु काग।
कायँ बचन मन मम पद करेसु अचल अनुराग॥

हे काक! सुन, मुझे भक्त निरंतर प्रिय हैं, ऐसा विचार कर शरीर, वचन और मन से मेरे चरणों में अटल प्रेम करना॥

क्रमशः

क्या वाकई रिश्वत को वैध बनाने का जरिया बन गये थे चुनावी बॉन्ड?

उच्चतम न्यायालय ने मोदी सरकार को बड़ा झटका देते हुए चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द कर दिया है और कहा है कि यह संविधान प्रदत्त सूचना के अधिकार और बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करती है। हम आपको बता दें कि प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने योजना को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर दो अलग-अलग लेकिन सर्वसम्मत फैसले सुनाए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है। पीठ ने कहा कि नागरिकों की निजता के मौलिक अधिकार में राजनीतिक गोपनीयता और संबद्धता का अधिकार भी शामिल है।

हम आपको याद दिला दें कि चुनावी बॉन्ड योजना को मोदी सरकार ने दो जनवरी 2018 को अधिसूचित किया था। इसे राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले दान के विकल्प के रूप में पेश किया गया था। योजना के प्रावधानों के अनुसार, चुनावी बॉन्ड भारत के किसी भी नागरिक या देश में निगमित या स्थापित इकाई द्वारा खरीदा जा सकता है। कोई भी व्यक्ति अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से चुनावी बॉन्ड खरीद सकता है।

वैसे देखा जाये तो मार्च 2018 में जब इस बॉन्ड की पहली बार बिक्री हुई थी तबसे लेकर आज तक किसी घपले घोटाले की खबर नहीं आई क्योंकि पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बताया जा रहा था। हालांकि कांग्रेस इस व्यवस्था का विरोध करती रही है और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम ने तो चुनावी बॉन्ड को वैध रिश्वत तक करार दे दिया था। कांग्रेस समेत एक वर्ग का यह भी कहना था कि जब से चुनावी बॉन्ड से राजनीतिक दलों को चंदा देने का प्रचलन शुरू हुआ, तबसे राजनीतिक दलों को मिलने वाली राशि में सिर्फ भाजपा के खाते में ही इजाफा हुआ है। आलोचकों का कहना था कि चुनावी बॉन्ड से किसने किस दल को कितनी रकम दी है, इसका खुलासा करने का प्रावधान नहीं होना गलत है। सवाल उठा था कि जब चुनावी बॉन्ड व्यवस्था का उद्देश्य राजनीति में भ्रष्टाचार को समाप्त करना था तो राजनीतिक दलों को चंदों में पारदर्शिता से दूर रखने की व्यवस्था क्यों की गई थी?

हम आपको याद दिला दें कि चुनावी बॉन्ड योजना को मोदी सरकार ने दो जनवरी 2018 को अधिसूचित किया था। इसे राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता लाने के प्रयासों के तहत राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले दान के विकल्प के रूप में पेश किया गया था।

आलोचकों का यह भी कहना था कि चुनावी बॉण्ड से राजनीति को चंदे के जरिए प्रभावित करने की कॉरपोरेट जगत की ताकत और बढ़ी थी। आलोचकों का कहना था कि यह व्यवस्था आने के बाद से राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे में कॉरपोरेट जगत का हिस्सा बढ़ता गया। आलोचकों का कहना था कि पूर्व में कंपनियों के लिए राजनीतिक चंदा दे सकने की एक कानूनी सीमा तय थी, लेकिन अब उन्हें चुनावी बॉन्ड के रूप में असीमित चंदा दे सकने की छूट है और इसका ब्योरा छिपाए रखने की इजाजत भी, तो राजनीतिक दलों पर किसका अंकुश होगा- जनता और कार्यकर्ताओं का, या धनकुबेरों का?

दूसरी ओर, अदालत के फैसले के बाद कांग्रेस ने कहा है कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। पार्टी ने चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक ठहराने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है। कांग्रेस ने दावा किया है कि चुनावी बॉन्ड ने भ्रष्टाचार को बढ़ाने का काम किया है और इसने राजनीतिक चंदे की पारदर्शिता को खत्म किया और सत्ताधारी पार्टी भाजपा को सीधे लाभ पहुंचाया।

-नीरज कुमार दुबे

सनातन संस्कृति की विशिष्टि और शक्ति से दुनिया को परिचित

मंदिर को 'शिल्प' और 'स्थापत्य शास्त्रों' में वर्णित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार बनाया गया है। 'शिल्प' और 'स्थापत्य शास्त्र' ऐसे हिंदू ग्रंथ हैं, जो मंदिर के डिजाइन और निर्माण की कला का वर्णन करते हैं। मंदिर में वास्तुशिल्प पद्धतियों के साथ वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले महीने अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की थी और अब उन्होंने अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया है। अयोध्या में उन्होंने जहां 500 साल पुराना हिंदुओं का सपना सच किया वहीं एक मुस्लिम देश यूएई में भी असंभव को संभव करके दिखा दिया। हम आपको बता दें कि अबू धाबी में जो पहला हिंदू मंदिर बना है उसके लिए पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही की थी। मंदिर के लिए जमीन संयुक्त अरब अमीरात ने दान में दी। मंदिर का निर्माण कार्य 2019 में शुरू हुआ और अब इसके द्वार श्रद्धालुओं के लिए खुल चुके हैं। अयोध्या से अबू धाबी तक के इस सफर में मोदी ने पूरी दुनिया को सनातन संस्कृति से तो अवगत कराया ही है साथ ही सनातन की शक्ति का प्रदर्शन भी किया है। बात चाहे अयोध्या की हो या अबू धाबी की, दोनों ही जगह जिस तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी वह दर्शा रही है कि सिर्फ पुरानी ही नहीं बल्कि आज की पीढ़ी भी अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व करती है और उसके साथ जुड़ना चाहती है।

अयोध्या के भव्य, नव्य और दिव्य राम मंदिर के बारे में तो आप सब जान ही चुके हैं इसलिए आज हम आपको बताते हैं कि अबू धाबी में जिस पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया गया है वह कैसा दिखता है। हम आपको बता दें कि इस मंदिर को वैज्ञानिक तकनीकों और प्राचीन वास्तुकला विधियों का उपयोग करके बनाया गया है। दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर अल रहबा के समीप स्थित बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) द्वारा निर्मित यह हिंदू मंदिर करीब 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया है। इस मंदिर में तापमान मापने और भूकंपीय गतिविधि पर नजर रखने के लिए उच्च तकनीक वाले 300 से अधिक सेंसर लगाए गए हैं। मंदिर के निर्माण में किसी भी धातु का उपयोग नहीं किया गया है और नींव को भरने के लिए उड़न राख यानी 'फ्लाई ऐश' (कोयला आधारित बिजली संयंत्रों से निकलने वाली राख) का उपयोग किया गया है। इस मंदिर को करीब 700 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है।

हम आपको बता दें कि इस भव्य मंदिर को 'शिल्प' और 'स्थापत्य शास्त्रों' में वर्णित निर्माण की प्राचीन शैली के अनुसार बनाया गया है। 'शिल्प' और 'स्थापत्य शास्त्र' ऐसे हिंदू ग्रंथ हैं, जो मंदिर के डिजाइन और निर्माण की कला का वर्णन करते हैं। मंदिर में वास्तुशिल्प पद्धतियों के साथ वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है। तापमान, दबाव और गति (भूकंपीय गतिविधि) को मापने के लिए मंदिर के हर स्तर पर उच्च तकनीक वाले 300 से अधिक सेंसर लगाए गए हैं। सेंसर अनुसंधान के लिए लाइव डेटा प्रदान करेंगे। यदि क्षेत्र में कोई भूकंप आता है, तो मंदिर इसका पता लगा लेगा।

हम आपको बता दें कि इसके अलावा मंदिर में गर्मी प्रतिरोधी नैनो टाइल और भारी ग्लास पैनल का उपयोग किया है जो पारंपरिक सौंदर्यात्मक पत्थर संरचनाओं और आधुनिक कार्यक्षमता का मेल है। संयुक्त अरब अमीरात में अत्यधिक तापमान के बावजूद श्रद्धालुओं को गर्मी में भी इन टाइल पर चलने में दिक्कत नहीं होगी। मंदिर में अलौह सामग्री का भी प्रयोग किया गया है। साथ ही मंदिर के दोनों ओर गंगा और यमुना का पवित्र जल बह रहा है जिसे बड़े-बड़े कंटेनर में भारत से लाया गया है। जिस ओर गंगा का जल बहता है वहां पर एक घाट के आकार का एम्फीथिएटर बनाया गया है।

हम आपको बता दें कि मंदिर के अग्रभाग पर बलुआ पत्थर पर उत्कीर्ण संगमरमर की नक्काशी है, जिसे राजस्थान और गुजरात के कुशल कारीगरों द्वारा 25,000 से अधिक पत्थर के टुकड़ों से तैयार किया गया है। मंदिर के लिए उत्तरी राजस्थान से अच्छी-खासी संख्या में गुलाबी बलुआ पत्थर अबू धाबी लाया गया है। साथ ही मंदिर के निर्माण के लिए 700 से अधिक कंटेनर में दो लाख घन फुट से अधिक 'पवित्र' पत्थर लाया गया है।

इसके अलावा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सात अमीरातों का प्रतिनिधित्व करने वाले सात शिखर, ऊंटों की नक्काशी और राष्ट्रीय पक्षी बाज अबू धाबी में पत्थरों से बने पहले हिंदू मंदिर में मेजबान देश की झलक भी पेश करता है। हम आपको बता दें कि सात शिखरों पर भगवान राम, भगवान शिव, भगवान जगन्नाथ, भगवान कृष्ण, भगवान स्वामीनारायण, तिरूपति बालाजी और भगवान अयप्पा की मूर्तियां हैं। सात शिखर संयुक्त अरब अमीरात के सात अमीरात का भी प्रतिनिधित्व करते हैं। सात शिखर सात महत्वपूर्ण देवताओं को समर्पित हैं। ये शिखर संस्कृतियों और धर्मों के परस्पर संबंध को रेखांकित करते हैं। आम तौर पर, मंदिरों में या तो एक शिखर होता है या तीन या पांच शिखर होते हैं, लेकिन यहां सात शिखर सात अमीरात की एकता के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। हम आपको बता दें कि इन शिखरों का उद्देश्य बहुसांस्कृतिक परिदृश्य में एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। कुल 108 फुट ऊंचा यह मंदिर क्षेत्र में विविध समुदायों के सांस्कृतिक एकीकरण का मार्ग प्रशस्त करेगा।

उल्लेखनीय है कि मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ-साथ यूएई के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी मंदिर के डिजाइन में शामिल किया गया है। दृढ़ता, प्रतिबद्धता और धीरज के प्रतीक ऊंट को संयुक्त अरब अमीरात के परिदृश्य से प्रेरणा लेते हुए मंदिर की नक्काशी में उकेरा गया है। मंदिर में रामायण और महाभारत सहित भारत की 15 कहानियों के अलावा माया, एजटेक, मिस्र, अरबी, यूरोपीय, चीनी और अफ्रीकी सभ्यताओं की कहानियों को भी दर्शाया गया है। मंदिर में 'शांति का गुंबद' और 'सौहार्द का गुंबद' भी बनाया गया है।

हम आपको बता दें कि संयुक्त अरब अमीरात में तीन और हिंदू मंदिर हैं जो दुबई में स्थित हैं। लेकिन अद्भुत वास्तुशिल्प और नक्काशी के साथ एक बड़े इलाके में फैला बीएपीएस मंदिर खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा मंदिर होगा। मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा बुधवार सुबह शुरू हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने शाम को भव्य मंदिर के उद्घाटन समारोह का नेतृत्व किया जो 10 फरवरी को मंदिर में शुरू हुए 'सद्भावना महोत्सव' के समापन का प्रतीक है।

-नीरज कुमार दुबे

राशिफल

माघ शुक्ल सप्तमी | (विक्रम संवत् 2080)

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
वंडरफुल समय। स्वास्थ्य बहुत अच्छा, प्रेम संतान की स्थिति बहुत अच्छी, व्यापारिक दृष्टिकोण से बहुत अच्छा समय।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। यद्यपि, शुभ कार्यों में खर्च होगा लेकिन फिर भी मन परेशान रहेगा।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
शाम तक आय में आशातीत बढ़ोतरी। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के नए स्रोत बनेंगे।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट कचहरी के मामले में विजय मिलेगी। पिता का साथ होगा।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
चोर चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। यद्यपि, गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे। प्रेमी प्रेमिका की मुलाकात होगी। आनंद की प्राप्ति होगी।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम संतान अच्छा, व्यापार भी अच्छा। पीली वस्तु पास रखें।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
विद्यार्थियों के लिए अति उत्तम समय, प्रेम के लिए अति उत्तम समय, संतान के लिए अति उत्तम समय।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
भौतिक सुख संपदा में वृद्धि होगी। घर में कुछ उत्सव सा माहौल रहेगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
व्यापार का विस्तार होगा। अपनों का साथ होगा। परेशानी दूर होगी। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
शब्द साधक की तरह दिखाई पड़ेंगे। वाणी से जिसको चाहेंगे अपनी मुट्ठी में कर लेंगे। धन का आवक बढ़ेगा।

एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भाजपा ज़िला कार्यालय पर कल लाभार्थी सम्पर्क अभियान को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे गौतमबुधनगर लोकसभा के पाँचो विधानसभा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमे मुख्य अतिथि वक्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश गौड़ कश्यप एवं लोकसभा प्रभारी रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की कार्यशाला का संचालन ज़िला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी ने किया। लोकसभा लाभार्थी सम्पर्क आप अभियान कार्यशाला को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश गौड़ कश्यप ने कहा कि लोकसभा गौतमबुधनगर में 28 मण्डल है सभी मंडल के कार्यकर्ता ज़िला इकाई शक्ति केन्द्र संयोजक प्रभारी बूथ समिति कार्यकर्ता लाभार्थियों से घर घर जाकर संपर्क करेंगे और सरकार के किये गये कार्यों की जानकारी साझा कर पार्टी की रीति सरकार की योजनाओं का

प्रचार प्रसार और अबके तीसरी बार फिर मोदी सरकार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है।

इस अवसर पर मुख्यरूप से ज़िला महामंत्री दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, योगेश चौधरी, धर्मेन्द्र कोरी, पवन नागर, सुचित्रा, ब्लॉक प्रमुख बीजेन्द्र भाटी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, रवि जिन्दल, इन्द्र नागर, जिला मंत्री सत्यपाल शर्मा, गुरुदेव भाटी, अमित पंडित, राजीव सिंघल, गिरीश कोटिय, रजनी तोमर, पंकज रावल, चंद्रमणि भारद्वाज, वरुण धीमान, महेश शर्मा, मनोज भाटी, महेंद्र नागर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किसान सभा ने निकाला जुलूस

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।

किसान सभा ने कई मुद्दों को लेकर देशव्यापी बंद के आह्वान पर जुलूस निकालने का कार्यक्रम रखा है जुलूस अवध ग्रीन गोल चक्कर से शुरू होकर परी चौक होते हुए वापस अवध ग्रीन गोल चक्कर पर ही खत्म होगा।

किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में किसानों के मुद्दों पर चर्चा हो रही है इसी सिलसिले में किसान सभा ने 8 फरवरी को जबरदस्त आंदोलन किया था जिसके परिणाम में प्रशासन के लोगों ने अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के मुद्दों पर उच्च स्तरीय शासन की कमेटी बनाने का 18 फरवरी तक आश्वासन दिया है।

पूरे देश में चल रही है भाजपा की लहर : प्रधान

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी अजय प्रधान ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 से अधिक सीट जीत कर एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाने का काम करने जा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पूरे देश में तेजी के साथ हवा चल रही है और इस हवा को देखकर विपक्ष के होश उड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विपक्ष का पूरी तरह से सुपड़ा साफ हो चुका है और यही कारण है कि आज विपक्ष के नेता बौखला कर भाजपा के बारे में

अर्नगल आरोप प्रत्यारोप लगाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को राम मंदिर के निर्माण का लाभ अवश्य मिलेगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी वर्ग एवं समाज के लोगों को साथ में लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि इस बार गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत होने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशियों को चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत लगा देगा।

पीडीए व्यापारी जन पंचायत का हुआ आयोजन

दादरी (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी द्वारा दादरी रेलवे रोड स्थित श्याम वाटिका में पीडीए व्यपारी जन पंचायत का आयोजन किया गया। जन पंचायत में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि भाजपा शासनकाल में गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी सहित सभी वर्गों का उत्पीड़न हो रहा है। आज देश का व्यापारी जीएसटी से प्रताड़ित है।

इस्पेक्टर राज और अवैध वसूली से व्यपारियों का शोषण हो रहा है। आज देश में व्यापारी वर्ग बढ़ती महंगाई और अपराध से बेहद परेशान है।

भाजपा व्यापारी के वोट लेने का काम तो करती है लेकिन सरकार बनने के बाद भूल जाती है। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े लोकलुहावने वायदा कर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा सरकार बनाने के बाद से ही जनता का शोषण करने लगती है और चुनाव नजदीक आते ही फिर देश की जनता को भ्रमित करने में लग जाती है। अब वह अपनी

नाकामियों को छुपाने के लिए तरह तरह के प्रोपगंडा कर रही है। लेकिन जनता अब सच्चाई जान चुकी है और आगामी लोकसभा चुनाव में उसे सबक सिखाने का काम करेगी।

इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष इन्दर प्रधान, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष विपिन सेन, महिला सभा प्रदेश सचिव सुनीता यादव, जितेंद्र अग्रवाल, दीपक नागर, गजेंद्र यादव, हैप्पी पंडित, मोहित यादव, वकील सिद्दकी, हुकुम सिंह भारती, राहुल आर्यन, सीपी सोलंकी, बाबूलाल बंसल, मनोज शर्मा, सतीश भाटी, महेश जाटव, नकुल चौहान, मुरारी गौतम, फुरकान सिद्दीकी, कैफ सिद्दीकी, चमन नागर, नीरज तंवर, विजय यादव आदि मौजूद रहे।

भाकियू (बलराज) ने किया दिल्ली कूच का ऐलान

नोएडा (चेतना मांच)। सेक्टर-142 स्थित शाहदरा गांव के पास बनी मार्केट को बिना नोटिस तोड़े जाने के विरोध में भारतीय किसान यूनियन बलराज ने 21 फरवरी को दिल्ली कूच का ऐलान किया है। सर्वविदित हो कि कल नोएडा प्राधिकरण द्वारा मार्केट को बिना नोटिस दिए ही तोड दिया था। जिसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन ने मार्केट के बाहर ही धरना देना शुरू कर दिया है। आज इसी विषय को लेकर यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी एवं डीसीपी को एक ज्ञापन भी सौंपा है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने बताया कि 21 फरवरी को दिल्ली कूच के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का घेराव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नोएडा प्राधिकरण न्यायालय के भी आदेश को मानने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस मार्केट को नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने तोड़ा है। उस पर स्थगन आदेश दिखाने के बाद भी अधिकारियों ने मार्केट को तोड़ दिया समाचार लिखे जाने तक 17 में यूनियन का धरना जारी रहा।

उत्तर मध्य रेलवे

Letter No:-DRM/C/AGRA/PAY & USE/POLICY/2023 Dated:-13.02.2024

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक - आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार है:-

श्रेणी : पब्लिक टॉयलेट	नीलामी केटलॉग संख्याः PNU- Agra- 24-02
एसेट्स डिटेल्सःआगरा छावनी स्टेशन के बाहर अटल चौक के नजदीक पब्लिक टॉयलेट का संचालन एवं रख-रखाव	
ई नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समयः दिनांकः- 29.02.2024 समयः 11:00	ई नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समयः दिनांकः- 29.02.2024 समयः 11:30

नोटः- उक्त ठेकों के आवटंन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट- www.ireps.gov.in के E-Auction Module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 272/24 (ADM)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

सृष्टि राज की बाल कहानी संग्रह 'दर्पण में बचपन' का विमोचन

'दर्पण में बचपन' बाल कहानियों का संग्रह है

मिर्ज़ापुर (चेतना मंच)। मिर्ज़ापुर की लेखिका, कवयित्री और मंच संचालक सृष्टि राज की पहली पुस्तक 'दर्पण में बचपन' का विमोचन प्रगति मैदान दिल्ली में चल रहे विश्व पुस्तक मेला में हुआ। मंचासीन अतिथि वरिष्ठ कवि व लेखक पं. अनित्य नारायण मिश्र, एयर इंडिया इंजी. सर्विसेस लिमि. के वरिष्ठ अधिकारी व लेखक वेद प्रकाश प्रजापति, सूचना विभाग के पूर्व राजपत्रित अधिकारी गोपाल जी राय, वरिष्ठ कवि व लेखक डॉ. मिथिलेश श्रीवास्तव, प्रसिद्ध भोजपुरी स्क्रिप्ट राइटर शिब्बू गाजीपुरी, अमेरिका से आये



साहित्यकार व इंजी. हेमन्त कुमार और मंच संचालक आनंद अमित ने सृष्टि राज की पुस्तक 'दर्पण में बचपन' का विमोचन किया।

सृष्टि राज साहित्यकार आनंद अमित की पुत्री हैं और मिर्ज़ापुर के माँ विंध्यवासिनी महाविद्यालय, भरुहना की स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। बहुत कम समय में साहित्य के क्षेत्र में पहचान बना चुकी सृष्टि राज टेलीविजन पर काव्य प्रस्तुति दे चुकी हैं, कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का संचालन कर चुकी हैं। इनकी रचनाएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं। सन 2021 में इन्हें एक दिन के लिए मिर्ज़ापुर का सांकेतिक जिला कृषि अधिकारी बनाकर सम्मानित किया गया था।

'दर्पण में बचपन' के विमोचन पर सृष्टि राज को मिर्जापुर के साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा, अधिदर्शक, डॉ सुधा सिंह, नंदिनी वर्मा, अरविंद अवस्थी, शुभम श्रीवास्तव ओम, मुहिब मिर्जापुरी,हसन जौनपुरी, केदारनाथ सविता,डॉ अनुराधा ओस, अनिल यादव, इला जायसवाल, सारिका चौरसिया, अमरनाथ सिंह, आनंद केसरी पूजा यादव और समाजसेवी संतोषी निषाद आदि ने बधाई दी है।

स्ट्रीट डॉग को लेकर दो पक्ष पहुंचे थाने

नोएडा (चेतना मंच)। स्ट्रीट डॉग को लेकर नोएडा ग्रेटर नोएडा शहर में आए दिन विवाद के मामले सामने आते रहते हैं। स्ट्रीट डॉग के विवाद में एक सोसायटी के दो पक्ष अब फिर थाने पहुंच गए हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना बिसरख में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट, महिलाओं व बच्चों के साथ अभद्रता का आरोप लगाया है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के 14 एवेन्यू निवासी गौरव भट्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 2 फरवरी की शाम को भावना कपूर व उसके कुछ साथी जबरन उसके फ्लैट में घुस आए और उनके 5 वर्षीय बेटे को तलाशने लगे भावना कपूर और उसके सहयोगी ने धमकी दी कि वह अपने बेटे को घर में बंद करके रखें। आइंदा अगर वह पार्क में दिखाई दिया तो वह अंजाम भुगतने को तैयार रहें।गौरव भट्ट ने कहना है कि भावना व उसके साथियों की इस धमकी के बाद से उनका बेटा व परिवार पूरी तरह से सहमा हुआ है। उन्होंने बताया कि बीते दिनों उनके बेटे को स्ट्रीट डॉग ने काट लिया था जिसके बाद उन्होंने स्ट्रीट डॉग को सोसायटी से बाहर निकलवाने के लिए मेंटेनेंस कर्मियों से कहा था इस बात से नाराज होकर भावना कपूर व उसके साथियों ने उसके घर में घुसकर इस तरह की हरकत को अंजाम दिया।

रेलयात्री : कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

नई स्पेशल रेल सेवाओं का शुभारंभ

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा दो नई रेल सेवाओं की शुरूआत करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

04489/04490 रोहतक - हांसी - रोहतक स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (दैनिक सेवा)

रेलगाड़ी सं. 04489 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04490 आगमन	प्रस्थान
--	09:45	रोहतक जं.	13:30	--
09:54	09:55	डोभ भाली	13:03	13:04
10:08	10:09	मोखरा मदीना	12:49	12:50
10:27	10:28	महम	12:30	12:31
10:37	10:38	मुंढ़ाल कलाँ	12:20	12:21
10:53	10:54	गढ़ी	12:04	12:05
11:20	--	हांसी	--	11:50

शुभारंभ की तिथिः 04489 रोहतक से और 04490 हांसी से दिनांक 17.02.2024 से
सीनः- सामान्य।

04487/04488 रोहतक - हांसी - रोहतक स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (दैनिक सेवा)

रेलगाड़ी सं. 04487 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04488 आगमन	प्रस्थान
---	22:30	रोहतक जं.	02:30	--
22:39	22:40	डोभ भाली	02:03	02:04
22:53	22:54	मोखरा मदीना	01:49	01:50
23:12	23:13	महम	01:30	01:31
23:22	23:23	मुंढ़ाल कलाँ	01:20	01:21
23:38	23:39	गढ़ी	01:04	01:05
00:10	--	हांसी	--	00:50

शुभारंभ की तिथिः 04487 रोहतक से दिनांक 17.02.2024 से और 04488 हांसी से दिनांक 18.02.2024 से
स्थान :- सामान्य।

उपरोक्त रेल सेवाओं के शुभारंभ के कारण रेलगाड़ी संख्या 04975/04974 रोहतक - भिवानी - रोहतक स्पेशल एक्सप्रेस की समय सारणी में दिनांक 17.02.2024 से निम्नानुसार संशोधन किया जायेगा:-

रेलगाड़ी सं. 04975 पूर्व समय-सारणी आगमन	प्रस्थान	संशोधित समय-सारणी आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04974 पूर्व समय-सारणी आगमन	प्रस्थान	संशोधित समय-सारणी आगमन	प्रस्थान
--	13:30	---	14:30	रोहतक जं.	17:25	--	18:00	--
13:51	13:53	14:50	14:52	लाहली	16:41	16:43	17:28	17:30
13:59	14:01	15:00	15:02	कलानौर कलाँ	16:30	16:32	17:18	17:20
14:11	14:12	15:11	15:12	खरक	16:21	16:22	17:09	17:11
14:19	14:21	15:19	15:21	बामला	16:10	16:12	16:59	17:01
14:30	14:32	15:30	15:32	भिवानी सिटी	16:00	16:02	16:48	16:50
14:50	--	15:50	--	भिवानी जं.	--	15:55	--	16:40

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

520/24

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पृष्ठ एक के शेष....

कांग्रेस के...

उन्होंने आगे कहा कि सब कुछ प्रभावित हो गया है उनके पास बिजली का बिल भरने, सैलरी देने के लिए पैसे नहीं हैं. बैंक में पैसे जमा नहीं कर पा रहे हैं. बैंक से पैसा भी नहीं निकाल पा रहे हैं।

कांग्रेस का एक ही...

एल्विश यादव को भी नामजद किया गया था। मामले में एल्विश के ही माध्यम से सांपों के जहर को रेव पार्टी में सप्लाई करने के आरोप लगाए गए थे। मामले में पुलिस ने एल्विश यादव से भी पूछताछ की थी, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। सपेरों से बरामद विष को जयपुर के एफएसएल भेजा गया था। वहीं अब करीबन तीन महीने के बाद इसकी रिपोर्ट आई है। जिसमें जांच के लिए भेजे गए विषों को सांपों का जहर बताया गया है।

भारत बंद का ...

और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय शामिल रहे। बैठक में सकारात्मक चर्चा तो हुई, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकल सका।

संयुक्त किसान मोर्चा और अन्य ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर आज ग्रामीण भारत बंद किया गया है। पंजाब में भी इसका व्यापक असर देखने को मिल रहा है। अमृतसर में अरैय्या, जालंधर में (पीएपी-फिल्लौर), पठानकोट में एनएच-44 (दिल्ली-जम्मू), एनएच-54 (पठानकोट-अमृतसर), एनएच-154 (पठानकोट-डल्हौजी, चंबा) और गुरदासपुर बब्बरी बाईपास पर किसानों ने धरना देकर यातायात बाधित कर दिया है।

अमृतसर में भाजपा कार्यालय के बाहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से किए जाने वाले प्रदर्शन को लेकर पुलिस की ओर से की गई बैरिकेटिंग कर दी गई है। दिल्ली अमृतसर नेशनल हाईवे पर पुलिस ने बेरीगेटिंग कर नेशनल हाईवे बंद किया गया।

कार से मारी...

मारपीट के बाद कार चालक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश की जा रही है।

कमरे से दो...

थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा को खग्गलकर चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

नोएडा में बंद...

नोएडा सीटू कार्यालय पर सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त सहित दर्जन कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कार्यालय अरेस्ट कर रखा है और उन्हें जुलूस निकलने से रोक दिया है। मौके पर एसीपी ने आकर केंद्र व प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन लिया। सीटू कार्यकर्ता कार्यालय पर ही बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

भीड़भाड़ वाले सेक्टर...

टक्कर मार दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो बाइक सवार अपनी गलती मानने के बजाय उल्टा उनसे ही लड़ने झगड़ने लगे। धर्मपाल के मुताबिक इस दौरान उनके भाई ललित भी मौके पर आ गया। इस दौरान बाइक सवार एक युवक ने चाकू निकालकर उनके साले सनी व भाई ललित पर वार कर दिया।

बाइक सवार के हमले में सनी के गले तथा ललित के पेट में चाकू लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल सनी व ललित को उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रेटर नोएडा के व्यस्ततम सेक्टर में हुई चाकूबाजी की घटना से वहां अफरा तफरी मच गई। लोगों का कहना है कि आए दिन इस सेक्टर में असामाजिक तत्व मारपीट व हंगामा करते रहते हैं। पुलिस इन पर लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

कुड़ा डालने...

पीड़ित के मुताबिक आरोपी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और इन्होंने जान से मारने की धमकी दी है। वहीं दूसरे पक्ष के अमित सिंह ने भी थाने में हरवीर, कुलदीप, शीशपाल, महिपाल, विजय, नेपाल, प्रदीप, रिंकू, रवि, कमल, योगेश सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट तथा गाली गलौज करने व कार को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

अमित ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान उसके 5 लाख रुपए भी कहीं गिर गए। वहीं पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच कूड़ा डालने को लेकर वाद-विवाद हुआ था जिसमें दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी।

स्क्रैप माफिया रवि...

जाने वाले सरिया के ट्रकों को रोक लेते थे और चालक से मिलकर सरिया उतरवा लेते थे। रवि का गिरोह साइटों के मैनेजर को डरा धमकाकर स्टॉक बुक में पूरा वजन अंकित कराता था। इसके बाद ट्रकों से उतारे गए सरिया को बाजार भाव से अधिक दामों पर बेचकर अनुचित मुनाफा कमाता था। आरोप है कि वो कई जगहों से निकलने वाले स्क्रैप का ठेका कंपनियों के मालिकों को डरा-धमकाकर अपने गैंग के सदस्यों के नाम पर करा लेता था।

मोबाइल टॉवरों से...

अपने नाम रंजीत, शाहरुख खान उर्फ मोहम्मद फारूक, नीरज तथा नितिन बताया। पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह मोबाइल टावर में लगे उपकरण बैटरी आरआरयू केबल आदि की चोरी करते हैं।

बरामद आरआरयू को उन्होंने 13 फरवरी की रात्रि को सेक्टर पाई 1 में लगे मोबाइल टावर से चोरी किया था। इस टावर से उन्होंने तीन आरआरयू चोरी किए थे। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया है।

भोपाल में मालिक...

अज्ञात व्यक्ति ने उनके मकान पर अवैध कब्जा करने की नीयत से सामान चोरी करने के बाद उसे पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि किस व्यक्ति ने अवैध कब्जा करने का प्रयास किया है।

मोबाइल शॉप से...

दो लैपटॉप दो टैब को चोरी कर ले गए हैं।

संदीप नागर के मुताबिक उन्होंने इसकी सूचना तुरंत थाना सूरजपुर पुलिस को दी। पुलिस के साथ मिलकर उन्होंने जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो उसमें दो संदिग्ध लोग दुकान की रेकी करते हुए दिखाई दिए। रात्रि 3:00 बजे के आसपास इन दोनों लोगों ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया और एक बैग में मोबाइल फोन रखकर वहां से रफू चक्कर हो गए।

रिटायर्ड विंग...

करने का प्रयास किया लेकिन भुगतान नहीं हुआ। इस पर उन्होंने अपने दूसरे बैंक खाते से भुगतान करने का प्रयास किया। कुछ समय बाद उनके दोनों अकाउंट से 86000 रूपये निकल गए। बैंक से मैसेज आने पर उन्हें ठगी का एहसास हुआ।

उन्होंने तुरंत बैंक से संपर्क कर अपने दोनों खातों को ब्लॉक कराया और पुलिस को सूचना दी। थाना-39 प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

राजकोट में रोहित और जडेजा का जलवा

दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए जोड़े 204 रन, भारत ने पहले दिन पांच विकेट खोकर बनाए 326 रन

आज के हीरो

रोहित शर्मा
131 रन

जडेजा
नाबाद 110

सरफराज खान
62 रन

● राजकोट,

रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा की शतकीय तथा सरफराज खान की अर्धशतकीय पारी की मदद से भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मुकाबले के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 326 रन स्कोर खड़ा कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है।

यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही और चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 10 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें मार्क वुड ने जो रूट के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शुभमन गिल को भी वुड छठे ओवर में फोक्स के हाथों कैच कराकर भारत को दूसरा झटका दिया। गिल अपना खाता भी नहीं खोल पाए। नौवें ओवर में रजत पटीदार भी पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए। लंच के समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 93 रन था। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा और जडेजा ने भारतीय पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिए 204 रन जोड़े। रोहित शर्मा ने 196 गेंदों में 14 चौकें और तीन छक्कों की मदद से 131 बनाए। रोहित शर्मा को मार्क वुड ने रोहित ने स्टोक्स के हाथों कैच आउट कराया। जडेजा ने 199 गेंदों में सात चौके और दो छक्के की मदद से 100 रन बनाए। पर्दापण टेस्ट मैच में सरफराज खान ने रिकॉर्ड 48 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। सरफराज 82वें ओवर में दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से 62 रन पर रन आउट हुए। भारत ने पांच विकेट पर 326 रन बना लिए है और खेल समाप्त होने के समय रवींद्र जडेजा नाबाद 110 रन और कुलदीप यादव एक रन पर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज मार्क वुड ने तीन विकेट लिए और हार्टली ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी	रन	गेंद	4	6
जायसवाल का रूट बो वुड	10	10	2	0
रोहित का स्टोक्स बो वुड	131	196	14	3
गिल का फोक्स बो वुड	00	9	0	0
पाटीदार का डकेट बो हार्टली	05	15	1	0
रवींद्र जाडेजा खेल रहे हैं	110	212	9	2
सरफराज खान रन आउट	62	66	9	1
कुलदीप यादव खेल रहे हैं	01	10	0	0
अतिरिक्त : 07 रन				
कुल: 86 ओवर में पांच विकेट पर 326 रन				
विकेट पतन: 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314				

गेंदबाजी	ओवर	मेडन	रन	विकेट
जेम्स एंडरसन	19	5	51	0
मार्क वुड	17	2	69	3
टॉम हार्टली	23	3	81	1
जो रूट	13	1	68	0
रेहान अहमद	14	0	53	0

खास खबर

श्रीलंका ने तीसरा वनडे सात विकेट से जीता सीरीज में किया क्लीन स्वीप

पल्लेकेले : पल्लेकेले में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करते हुए टीम 48.2 ओवर में 266 पर सिमट गई। जवाब में श्रीलंका ने 3 विकेट खोकर 35.2 ओवर में टारगेट चेज कर लिया। श्रीलंका से पथुम निसांका ने शतक लगाया। वहीं, प्रमोद मदुशंका ने 3 विकेट लिए। निसांका को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। अफगानिस्तान ने पारी में छोटी-छोटा पार्टरनेशिप। ओपनिंग करने आए इब्राहिम जादरान 13 रन बना कर आउट हुए। उनके साथ आए रहमनुल्लाह गुरबाज ने रहमत शाह के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की। वे इसे आगे नहीं बढ़ा सके। गुरबाज 48 रन रन बना कर आउट हुए। वहीं, कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी 5 रन बना कर ही लौट गए। 5वें विकेट के लिए रहमान का साथ अजमतुल्लाह ओमरजई ने दिया। दोनों के बीच 58 रन की साझेदारी हुई। यहां से दोनों प्लेयर्स सेट हो चुके थे, इस पार्टनरशिप को आगे बढ़ाने का मौका शाह ने अपना विकेट देकर गंवा दिया। वे 65 रन बना कर आउट हुए। ओमरजई 54 रन और इकराम अलिखिल 32 रन बना कर पवेलियन लौटे। इनके बीच भी 57 रन की साझेदारी हुई। यहां से पारी बिखर गई। मोहम्मद नबी 14 रन, शराफुद्दीन अशरफ 4 रन, कैस अहमद 11 रन और फरीद अहमद 11 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, फजलहक फारूखी 0 रन बनाकर नाबाद रहे। टीम 48.2 ओवर में 266 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की ओर सेचेज गेंदबाज प्रमोद मदुशन ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। उन्होंने नबी, शफुद्दीन और कैस अहमद को चलता किया। मदुशन के अलावा असिथा फर्नांडो, अकिला धनंजय और दुनिथ वेल्लालागे को 2-2 विकेट मिले।

पीसीबी ने हारिस का अनुबंध किया समाप्त

लाहौर : पाकिस्तान क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (पीसीबी) ने पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर नहीं जाने वाले हारिस रउफ पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उनका केंद्रीय अनुबंध समाप्त कर दिया है। पीसीबी ने अपने बयान में कहा कि रउफ को अपना पक्ष रखने के लिए एक अवसर दिया गया था लेकिन वह इसमें विफल रहे। पाकिस्तान के लिए खेलना हर खिलाड़ी के लिए गर्व की बात होती है और बिना किसी ठोस वजह या मेडिकल रिपोर्ट के रेड बॉल ना खेलने का मन बनाना केंद्रीय अनुबंध का उल्लंघन है। रउफ ने अपने बचाव में यह कहा था कि उन्होंने कभी भी यह नहीं कहा था कि वह उपलब्ध हैं बल्कि उन्होंने यह कहा था कि वह सफेद गेंद क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। हालांकि 30 जनवरी को इस मामले पर हुई सुनवाई में पीसीबी ने रउफ की दलीलों को असंतोषजनक पाया। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम का ऐलान करने के दौरान मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज ने बताया था कि रउफ ने पहले टेस्ट दौरा का हिस्सा होने की इच्छा जताई थी लेकिन बाद में उन्होंने अपना मन बदल लिया। रियाज ने उस दौरान भी कहा था कि रउफ का यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट के लिए दुखदायी होगा।

रोहित शर्मा ने जड़ा अपना 11वां टेस्ट शतक

राजकोट, : रोहित शर्मा ने गुरुवार को तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन कप्तानी पारी खेलते हुए अपने टेस्ट करियर का 11वां शतक जड़ा। रोहित ने गुरुवार को अपनी फार्म हासिल करते हुए 157 गेंदों में 11 चौकों और दो छक्कों की मददे से अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया। राजकोट में यह उनका पहला तथा इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा टेस्ट शतक है। रोहित शर्मा ने इससे पहले फरवरी 2021 में चेन्नई में 161 रन की पारी खेली थी यह इंग्लैंड के खिलाफ उनका पहला टेस्ट शतक था और उसके बाद उन्होंने सितंबर 2021 में 127 रन की पारी खेली थी। उन्होंने 2013 में भारतीय टेस्ट टीम में पर्दापण करते हुए अपना पहला टेस्ट शतक बनाया था। रोहित शर्मा का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह 47वां शतक है और वह सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। सबसे अधिक 80 शतक विराट कोहली शीर्ष पर और डेविड वॉर्नर के नाम 49 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वहीं रोहित शर्मा और जडेजा ने भारतीय पारी को संभाला और दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट लिए 204 रन जोड़े। रोहित शर्मा ने 196 गेंदों में 14 चौकें और तीन छक्कों की मदद से 131 बनाए। रोहित शर्मा को मार्क वुड ने रोहित ने स्टोक्स के हाथों कैच आउट कराया।

सरफराज के डेब्यू पर भावुक हुए पिता नौशाद

राजकोट, : राजकोट में भारत के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और बल्लेबाज सरफराज खान ने डेब्यू किया। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा मुकाबला राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेला जा रहा है। ध्रुव जुरेल को विकेटकीपर केएस भरत की जगह और सरफराज खान को केएल राहुल की गैरमौजूदगी में प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया है। ध्रुव जुरेल के पिता नेम सिंह जुरेल ने बेटे के डेब्यू पर मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में जाकर पूजा की। वहीं सरफराज खान के पिता भावुक हो गए। वह राजकोट में स्टेडियम में मौजूद थे। बेटे के डेब्यू के नाम की घोषणा के बाद उनकी आंखे नम हो गई। मुंबई से रणजी खेलने वाले सरफराज खान डेब्यू कैप मिलने के बाद भावुक हो गए। वह ग्राउंड में मौजूद अपने पिता नौशाद खान और परिवार से मिल कर भावुक हो गए और उन्हें गले लगा लिया। सरफराज के पिता भी क्रिकेटर रहे हैं। वह यूपी के आजमगढ़ से क्रिकेट खेलने के लिए मुंबई पहुंचे थे। हालांकि, उन्हें देश के लिए खेलने का सपना पूरा नहीं हो सका। ऐसे में उन्होंने अपने बेटों को क्रिकेटर बनाने का सपना देखा। सरफराज के भाई मोईन खान और मुशीर खान भी क्रिकेटर हैं।

आईसीसी ने लगाया रिजवान जावेद पर साढ़े 17 साल का प्रतिबंध

● दुबई,

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन के लिए ब्रिटेन के एक क्लब क्रिकेटर रिजवान जावेद पर साढ़े 17 साल का प्रतिबंध लगाया है। आईसीसी ने एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के भ्रष्टाचार रोधी नियमों के पांच अलग-अलग उल्लंघनों का दोषी पाए जाने पर जावेद पर यह प्रतिबंध लगाने का फैसला किया।

जावेद उन आठ खिलाड़ियों और अधिकारियों में शामिल है जिनके ऊपर वर्ष 2021 में खेली गई अबू धाबी टी-10 लीग के दौरान भ्रष्ट आचरण करने को लेकर सितंबर 2023 में आईसीसी ने आरोप लगाए थे। इस मामले में बांग्लादेश के नासिर हुसैन पर भी भ्रष्टाचार के आरोप थे लेकिन हुसैन के जांच में सहयोग करने के लिए उन पर दो वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया। यह आईसीसी द्वारा किसी खिलाड़ी पर लगाया दूसरा सबसे लंबे समय तक का प्रतिबंध है। आईसीसी की जांच में जावेद को नियम 2.1.1, 2.1.3, 2.1.4, 2.4.4 और 2.4.6 के तहत दोषी पाया गया है। जावेद पर यह प्रतिबंध उन्हें निलंबित किए जाने की तिथि 19 सितंबर 2023 से लागू होगा। आईसीसी के जनरल मैनेजर

भ्रष्टाचार रोधी नियमों के पांच अलग-अलग उल्लंघनों का पाए गए दोषी

(इंटीग्रिटी) एलेक्स मार्शल ने कहा कि रिजवान को पेशेवर क्रिकेटरों को भ्रष्ट आचरण में लिप्त कराने के प्रयासों के चलते प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध उन भ्रष्ट लोगों के लिए भी एक कड़ा संदेश है जो क्रिकेट को किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार के दलदल में फंसाने की मंशा रखते हैं।

दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को 267 का लक्ष्य

डेविड बेडिंघम का शतक, दक्षिण अफ्रीका 235 पर ऑलआउट, कीवी टीम ने एक विकेट खोकर बनाए 40 रन

हैमिल्टन, : हैमिल्टन के सेडन पार्क में दूसरा टेस्ट जीतने के लिए न्यूजीलैंड को 267 रन का टारगेट मिला है। दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी में 235 रन पर सिमट गया। टीम से डेविड बेडिंघम ने शतक लगाया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने भी एक विकेट के नुकसान पर 40 रन बना लिए हैं।

न्यूजीलैंड से तेज गेंदबाज विलियम ओ'रूर्क ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स दो विकेट झटके। वहीं एक-एक सफलता रचिन रवींद्र, मैट हेनरी और नील वैगनर को भी मिलीं। हैमिल्टन के सेडन पार्क स्टेडियम में पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 242 और न्यूजीलैंड ने 211 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड सीरीज में 1-0 से

आगे है। न्यूजीलैंड टीम चौथे दिन अपने 40/1 के स्कोर को आगे बढ़ाएगी। दूसरी पारी के तीसरे दिन टीम को एक झटका लगा। ओपनर डेवोन कॉनवे 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें डेन पीड्ट ने आउट किया। टॉम लैथम 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। दक्षिण अफ्रीका के नंबर-5 के बैटर डेविड बेडिंघम ने शतक लगाया। यह उनके टेस्ट करियर का पहला शतक है। साउथ अफ्रीका को 235 रन के स्कोर तक पहुंचाने में उनका अहम योगदान रहा। उन्होंने 141 गेंद पर 110 रन की पारी खेली। उनके अलावा कीगन पीटरसन ने 43 रन की पारी खेली। इससे पहले, दक्षिण अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी के साथ तीसरे दिन की शुरूआत की। टीम ने 10 ओवर में 23 रन के स्कोर तक कोई विकेट नहीं गंवाया। 11वें ओवर में क्लाइड फोर्च्यून 3 रन बनाकर रचिन का शिकार हुए। उनके बाद रेनार्ड वान टोंडर भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नील ब्रांड भी ज्यादा देर नहीं टिक सके। वह 34 रन बनाकर आउट हुए और टीम ने 39 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए। ओ'रूर्क ने बाकी दो विकेट लिए। नंबर-4 पर उतरे जुबैर हम्जा ने नंबर-5 के बैटर डेविड बेडिंघम के साथ टीम को संभाला। दोनों ने दक्षिण अफ्रीका को 100 रन के पार पहुंचाया। हम्जा 17 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 65 रन की पार्टनरशिप टूटी। उन्हें नील वैगनर ने पवेलियन भेजा। हैमिल्टन टेस्ट के दूसरे दिन दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 242 रन बनाए।

साक्षी मलिक ने दी चेतावनी

बोलीं- सरकार हमें फिर से आंदोलन करने के लिए मजबूर न करे

● नई दिल्ली,

भारतीय स्टार महिला पहलवान साक्षी मलिक ने केंद्र सरकार को फिर से आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो मैसेज शेयर करते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और उनके गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई करे।

दरअसल, भारतीय स्टार महिला पहलवान साक्षी मलिक ने केंद्र सरकार को फिर से आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो मैसेज शेयर करते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और उनके गुर्गों के खिलाफ कार्रवाई करे। साक्षी के अलावा स्टार पहलवान बजरंग पूनिया ने भी वीडियो मैसेज शेयर कर कहा कि हमारी खामोशी को हमारी कमजोरी न समझें। साक्षी मलिक का गंभीर आरोप, बोलीं- बृजभूषण के करीबी संजय सिंह डब्ल्यूएफआइ से सस्पेंड होने

के बाद खिलाड़ियों को फर्जी सर्टिफिकेट बांट रहे। साक्षी ने कहा कि यदि सरकार यह कार्रवाई नहीं करती है, तो उन्हें फिर से आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। साक्षी ने वीडियो में बताया कि उन्हें पता चला है कि संजय सिंह ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से साठगांठ करके खुद को बहाल करवा लिया है। बता दें कि पिछले साल बृजभूषण के इस्तीफे के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव हुए थे। तब इन चुनावों में संजय सिंह ने जीत दर्ज की थी, जो बृजभूषण के ही गुट के हैं। तब बृजभूषण और उनके समर्थकों ने जीत के बाद दबदबे वाली बात कहते हुए जश्न मनाया था। इसके बाद खेल मंत्रालय ने संजय सिंह को बर्खास्त कर दिया था, इसके साथ ही एक नई एड हॉक कमेटी का गठन किया था। हालांकि इसी दौरान साक्षी ने भी रेसलिंग से संन्यास का ऐलान कर दिया था। साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो मैसेज शेयर किया है। साथ ही उन्होंने पोस्ट में लिखा कि सरकार से निवेदन है हमे दोबारा आंदोलन के लिए मजबूर न करे,' साथ ही साक्षी ने वीडियो में कहा कि सभी को मेरा नमस्कार, आप सभी को हमारे आंदोलन के बारे में तो पता ही है। 21 दिसंबर को बृजभूषण के दबदबे की बेहूदगी और तांडव को देखते हुए सरकार ने संजय सिंह को सस्पेंड कर दिया था। पूर्व भारतीय रेसलर ने कहा कि उसके बाद स्पोर्ट्स मिनिस्ट्री और एड हॉक कमेटी बनाई थी, जिसका हमने स्वागत किया।

सचिन ने किया ताज की खूबसूरती का दीदार

● आगरा,

भारत रत्न और मास्टर ब्लास्टर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर अपनी पत्नी अंजलि के साथ गुरुवार को यहां ताजमहल का दीदार करने पहुंचे। सचिन को ताजमहल में देखकर कड़ी सुरक्षा के बावजूद प्रशसंकों की भीड़ लग गई।

पूर्व भारतीय कप्तान सचिन अपनी पत्नी अंजलि के साथ दोपहर करीब तीन बजे शिल्पग्राम पार्किंग में पहुंचे। जहां से गोल्फ कार्ट में सवार होकर वह ताजमहल के पूर्वी गेट पर पहुंचे। पूर्वी गेट पर सचिन तेंदुलकर को देख उनके प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। सचिन के आने की जानकारी पर पर्यटन पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी थी। सुरक्षा कर्मियों ने सचिन तेंदुलकर के आसपास सुरक्षा घेरा बना लिया। सुरक्षा घेरे में ही उन्हें रॉयल गेट तक ले जाया गया। रॉयल गेट पर पहुंच कर सचिन ने अपनी पत्नी के साथ फोटो सेशन भी कराए। कई

एंगल में फोटो खिंचवाए। इसके बाद वह डायना बैंच पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने वीडियोग्राफी के साथ फोटो सेशन कराया। सचिन को ताजमहल में मौजूद पर्यटक तुरंत पहचान गए और उनके साथ फोटो खिंचाने व उनकी एक झलक पाने की होड़ ताजमहल परिसर में मचने लगी। डायना टेबल पर फोटो खिंचाने के बाद सचिन अपनी पत्नी अंजलि के साथ मुख्य स्मारक पर पहुंचे, जहां उन्होंने ताजमहल के ऊपर की गई नक्काशी और उसके इतिहास के बारे में गाइड से जानकारी ली।

लोन ऐप के डेटा से सबसे ज्यादा धोखाधड़ी

नई दिल्ली । देश के करीब 14 फ़ीसदी लोग ऑनलाइन ऐप के माध्यम से कर्ज लेने के लिए विवश है। इनमें से 58 फ़ीसदी कर्जदारों को 25 फ़ीसदी से ज्यादा ब्याज चुकाना पड़ रहा है ।इसके साथ ही लोन प्रक्रिया के दौरान जिस तरह से ऑनलाइन डेटा मांगा जाता है। उसके बाद उनके साथ धोखाधड़ी भी सबसे ज्यादा हो रही है। होम क्रेडिट इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार 65 फ़ीसदी ऑनलाइन कर्जदार डेटा प्राइवेसी के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। लोन लेने के लिए वह अपनी सारी निजी जानकारी उपलब्ध कराते हैं। उसके बाद ठगी का शिकार हो जाते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है, कि 50 फ़ीसदी लोगों के पास व्हाट्सएप के माध्यम से लोन के ऑफर आए थे। जल्द लोन मिलने के नाम पर लोग मुसीबत में बिना सोचे समझे अपनी जानकारियां साझा कर देते हैं ।उन्हें ऑनलाइन कंपनियों द्वारा दिए गए लोन की शर्तों के बारे में कोई जानकारी नहीं होती है। जिसके कारण वह भारी ब्याज और जुर्माने का शिकार भी होते हैं ।लोन एप के माध्यम से आम आदमी धोखाधड़ी के शिकार हो रहे हैं।

मनोज जरांगे ने फिर भरी हुंकार....18 या 19 फरवरी को मुंबई जाएंगे

मुंबई । आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार की कुनबी मराठाओं के रक्त संबंधियों संबंधी मसौदा अधिसूचना को कानून में बदलने की मांग पर दबाव बनाने के लिए वह 18 या 19 फरवरी को मुंबई जाएंगे। इसके एक दिन पहले महाराष्ट्र की शिंदे सरकार ने कहा था कि मराठा समुदाय की आरक्षण और अन्य मांगों पर चर्चा के लिए 20 फरवरी को राज्य विधानसभा का एक विशेष सत्र आयोजित होगा। जिसके बाद जरांगे की यह टिप्पणी आई है। मराठा समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में शामिल करने की मांग को लेकर जरांगे ने जालना जिले के अपने पैतृक गांव अंतरवाली सरती गांव में छठे दिन अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखा। जरांगे के एक करीबी ने बताया कि उनकी (जरांगे) स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ गई है। जरांगे ने कहा, कुनबी मराठाओं की रक्त संबंधी मसौदा अधिसूचना को लागू करने को लेकर दबाव बनाने के लिए मैं 18 या 19 फरवरी को मुंबई जाऊंगा। जरांगे के स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे मराठा कार्यकर्ता किशोर मरकड ने कहा कि सरकार के प्रतिनिधियों को उनसे (जरांगे) बात करनी चाहिए और अधिसूचना को लागू करने का आश्वासन देना चाहिए। जरांगे को बुधवार शाम को प्रदर्शन के दौरान आईवी फ्लूइड दिया गया। बिना जानकारी के आईवी फ्लूइड लगाए जाने से गुस्साए जरांगे ने कहा कि अगर सरकार उन्हें चिकित्सा उपचार प्रदान करना चाहती है, तब उन्हें तुरंत मराठा आरक्षण लागू करना चाहिए नहीं, तब वह फिर से विरोध प्रदर्शन के दूसरे दौर के लिए मुंबई जाएंगे।

चाइनीज मांझा से 38 साल के शख्स की कट गई गर्दन, मौत

सहारनपुर । चायनीज मांझा ने एक शख्स की जान ले ली है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के कुतुबशेर थाना क्षेत्र में चीनी मांझा, पतंग की डोरी से गला कटने के बाद 38 साल के एक शख्स की मौत हो गई। गौरतलब है कि चीनी मांझा पतंग उड़ाने में इस्तेमाल होने वाले धागे में लगाया जाता है। इसमें कांच की कोटिंग का इस्तेमाल होता है, जो कई बार इंसानों और पक्षियों के लिए जानलेवा साबित होता है। हालांकि यूपी सरकार ने 2017 में कांच की परत वाली पतंगों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया था। मृतक की पहचान अतुल शर्मा के रूप में हुई है। इस मामले में शहर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने गुरुवार को बताया कि यह घटना बुधवार शाम की है जब कुतुबशेर पुलिस स्टेशन में एक व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी। वह शख्स शारदा नगर फ्लाईओवर पर एक तार से घायल हो गया था। एएसपी ने कहा कि घायल व्यक्ति को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि पूछताछ के दौरान मृतक के पिता ने बताया कि उसका बेटा अतुल शर्मा घर से अपनी मोटरसाइकिल से सामान लेने बाजार जा रहा था और जब वह शारदा नगर फ्लाईओवर पर पहुंचा तो एक तार उसके गले में फंस गया। पुलिस ने कहा कि जिले में चाइनीज मांझे की छापामारी की जा रही। अब तक पुलिस ने लगभग छह दुकानदारों को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया है। पुसिल ने उनके कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के 52 बंडलों को जब्त किया है।

पत्नी की हत्या करके कटा सिर लेकर घूमता रहा शख्स, लोग आए दहशत में

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के पटाशपुर में एक वीभत्स कांड देख लोग सिंहर उठे। दरअसल एक शख्स ने पत्नी की हत्या कर दी और कटा हुआ सिर लेकर होटल पर पहुंच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को यह चौंकाने वाली घटना सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी गौतम गुचैत ने पहले अपनी पत्नी फूलरानी गुचैत की देसी कुल्हाड़ी से सिर काटकर हत्या कर दी और फिर कटा हुआ सिर और हत्या में प्रयुक्त हथियार लेकर अपने घर से बाहर आ गया। फिर वह एक स्थानीय चाय की दुकान पर पहुंचाफ इसके बाद एक बेंच पर बैठ गया और कटे हुए सिर और कटलेट को अपने दोनों तरफ रख लिया। एक ग्रामीण ने कहा, कि वह इतने हिंसक मूड में था कि किसी को भी उसके पास जाने की हिम्मत नहीं हुई। अंत में पाटशपुर पुलिस स्टेशन की एक टीम मौके पर पहुंची और गुचैत को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाद में पता चला है कि पेशे से फेरीवाला गुचैत का पिछले कुछ समय से अपनी पत?नी के साथ परेशानी भरा रिश्ता बिता रहा था, क्योंकि उसे उस पर विवाहेतर संबंध होने का शक था। गुचैत का इस शादी से एक नाबालिग बेटा है जो पहली कक्षा में पढ़ता है। पुलिस ने कटे हुए सिर और हत्या में इस्तेमाल हथियार को इकट्ठा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने पूछताछ के लिए आरोपी के माता-पिता को भी हिरासत में लिया है। इस संबंध में स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि गुचैत की दिमागी हालत ठीक नहीं है। दरअसल मार्च 2021 में कोलकाता के अलीपुर जूलॉजिकल गार्डन में शेर के पिंजरे में घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सौभाग्य से उस समय वह मामूली चोटों के बावजूद बच गया था।

भाजपा को मिला कांग्रेस से 10 गुना ज्यादा चंदा, बसपा को 20 हजार से ज्यादा नहीं

-एडीआर ने जारी किए पार्टियों को मिले डोनेशन के आंकड़े, सबसे ज्यादा दिल्ली फिर गुजरात को मिला

नई दिल्ली । वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय जनता पार्टी को चंदे के रूप में सर्वाधिक राशि प्राप्त हुई है। यह खुलासा एडीआर की एक रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया है ?कि भाजपा द्वारा घोषित चुनावी चंदा इसी अवधि के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और सीपीआईएम (सीपीआईएम) द्वारा घोषित कुल चंदे से पांच गुना अधिक है। यहां बता दें कि एनपीपी नॉर्थईस्ट की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसे राष्ट्रीय दल का दर्जा मिला हुआ है। जानकारी के अनुसार भाजपा को 2022-23 में लगभग 720 करोड़ रुपये का इलेक्टोरल डोनेशन (चुनावी चंदा) मिला। यह आंकड़ा चार अन्य राष्ट्रीय दलों- कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, सीपीआई-एम और नेशनल पीपुल्स पार्टी को प्राप्त कुल चुनावी चंदे से पांच गुना अधिक है। चुनावी और राजनीतिक सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने अपनी एक रिपोर्ट में ये आंकड़े जारी किए हैं। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 में राष्ट्रीय दलों को जिसमें 20,000 रुपये से अधिक की रा?शि शा?मिल है, 850.438 करोड़ रुपए के कुल 12,167 डोनेशन प्राप्त हुए हैं। वहीं देश की छठी राष्ट्रीय पार्टी, बहुजन समाज पार्टी ने बताया कि उसे वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 20,000 रुपये से अधिक का कोई चंदा नहीं मिला। इलेक्शन कमीशन में रजिस्टर्ड पॉलिटिकल पार्टी के लिए एक फाइनेंशियल ईयर में उसे प्राप्त 20,000 रुपये से अधिक के इलेक्टोरल डोनेशन का खुलासा करना अनिवार्य कर ?दिया है। चंदे की रा?शि को लेकर भाजपा ने बताया कि उसे 7,945 डोनेशन से 719.858 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। कांग्रेस के मुताबिक उसे 894 डोनेशन से 79.924 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। भाजपा द्वारा घोषित चुनावी चंदा इसी अवधि के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और सीपीआईएम (सीपीआईएम) द्वारा घोषित कुल चंदे से पांच गुना अधिक है। यहां बता दें कि एनपीपी नॉर्थईस्ट की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसे राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त है। एडीआर ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया है कि राष्ट्रीय पार्टियों को दिल्ली से कुल 276.202 करोड़ रुपये का चंदा मिला, इसके बाद गुजरात से 160.509 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र से 96.273 करोड़ रुपये का चंदा मिला।

भाजपा की सरकार के रहते गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा : योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर (एजेंसी)। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भाजपा की सरकार के रहते गरीबों को कोई भी उजाड़ नहीं पाएगा। योगी ने कहा कि यदि किसी ने ऐसा दुस्साहस किया भी तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी साथ ही जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। बता दें ?कि मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री बैठे हुए लोगों तक खुद पहुंचे। उन्होंने सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। सीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

सीएम ने कहा कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। योगी ने कहा कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने एस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध की और भी ध्यान दिलाया।

रायबरेली की जनता को सोनिया का भावुक खत....आपके बिना दिल्ली में मेरा परिवार अधूरा

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला देकर गुरुवार को घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। सोनिया गांधी ने कहा कि स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के कारण मैं अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस फैसले के बाद मुझे सीधे तौर पर आपकी सेवा करने का मौका नहीं मिलेगा, लेकिन निश्चित तौर पर मेरा दिल और आत्मा हमेशा आपके साथ रहेगी। रायबरेली की जनता को लिखे भावुक पत्र में सोनिया ने कहा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। उन्होंने कहा कि रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गाँधी को यहाँ से जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गाँधी को रायबरेलीवालों ने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। सोनिया ने कहा कि इसी रोशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आँचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे, मैं यह कभी भूल नहीं सकती। उन्होंने कहा कि यह कहते हुए मुझे गर्व है कि आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है।

लोकसभा चुनाव के लिए पार्टियों ने रखा 2000 करोड़ का बजट

-बजट का 55 फीसदी हिस्सा डिजिटल मीडिया व विज्ञापन पर होगा खर्च

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में आम चुनाव दस्तक देने वाले हैं। फिलहाल, लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। लेकिन, सत्तारूढ़ बीजेपी सरकार और विपक्ष दलों ने आगामी चुनाव के लिए कमर कस ली है। राजनीतिक दलों की तैयारी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस लोकसभा चुनाव में विभिन्न पार्टियां 1500 से 2000 करोड़ रुपये प्रचार पर खर्च कर सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एडवरटाइजिंग इंडस्ट्री के एक अधिकारी ने यह दावा किया है। ग्रुप एम साउथ एशिया के सीईओ प्रशांत कुमार ने कहा, लोकसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दल 1500 से 2000 करोड़ रुपये इलेक्शन कैंपेन पर खर्च कर सकती हैं। ऐसे में प्रचार-प्रसार से जुड़ी इंडस्ट्री और लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। बताया जा रहा है कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार बजट का 55 फीसदी हिस्सा डिजिटल मीडिया व विज्ञापन पर और 45 प्रतिशत हिस्सा अन्य चुनावी प्रचार तंत्र पर खर्च करेंगी। वहीं कुनाल लालानी ने कहा कि मुझे लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनावों के प्रचार पर खर्च होने वाली रकम 2019 के इलेक्शन से काफी ज्यादा होगी।

उन्होंने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस पार्टी मुख्य रूप से चुनावी प्रचार-प्रसार पर ज्यादा पैसा खर्च करेंगी, जबकि क्षेत्रीय राजनीतिक दल का चुनावी बजट ज्यादा नहीं होगा। राजनीतिक दलों ने विभिन्न मीडिया हाउसेज से चुनाव प्रचार के संबंध में बातचीत कर रही हैं। एक अन्य अधिकारी का कहना है कि अकेले प्रिंट मीडिया, जिसमें अखबार, मैगजीन आते हैं, आदि को राजनीतिक दलों से 300 से 350 करोड़ के विज्ञापन मिलेंगे। शिवकुमार सुंदरम ने कहा कि पिछले साल 5 राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार पर 250 करोड़ रुपये खर्च किए थे। हैरानी की बात है कि 2019 में इलेक्शन कैंपेन पर सिर्फ 200 करोड़ रुपये खर्च हुए थे।

चुनावी बांड पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का राहुल गांधी, खड़गे और जयराम रमेश ने किया स्वागत

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने चुनावी बांड को असंवैधानिक बताने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। श्री खडगे ने कहा चुनावी बांड योजना को शुरु करने के दिन कांग्रेस ने अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताकर 2019 के घोषणा पत्र में पार्टी ने मोदी सरकार की संदिग्ध योजना को खत्म करने का वादा किया था। हम आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं, जो कि मोदी सरकार की इस काला धन को सफेद करने की योजना को असंवैधानिक बताकर रद्द कर दिया है। उन्होंने कहा हमें याद है कि कैसे मोदी सरकार ने भाजपा का खजाना भरने के लिए हर संस्थान रिजर्व बैंक, चुनाव आयोग, संसद और विपक्ष पर बुलडोजर चला दिया था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इस योजना के तहत 95 प्रतिशत फंडिंग भाजपा को मिली।

वहीं राहुल गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी की भ्रष्ट नीतियों का एक और सबूत आपके सामने है। भाजपा ने इलेक्टोरल बॉण्ड को रिश्वत और कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था। आज इस बात पर मुहर लग गई है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार की काफी प्रचारित-प्रसारित चुनावी बॉन्ड योजना को संसद द्वारा पारित कानूनों के साथ-साथ भारत के संविधान का भी उल्लंघन माना है। चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक करार देने का फैसला स्वागत योग्य है। इस फैसले की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। मोदी सरकार चंदादाताओं को विशेष तरह के अधिकार और छूट दे रही है जबकि अन्नदाताओं के साथ अन्याय पर अन्याय करती जा रही है। हमें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट इस बात पर भी ध्यान देगा कि चुनाव आयोग लगातार वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल-वीवीपैट के मुद्दे पर राजनीतिक दलों से मिलने से इंकार कर रहा है। यदि मतदान प्रक्रिया में सब कुछ पारदर्शी और साफ है, तब फिर समय न देने की जिंद क्यों।

बूढ़े हो रहे जापान को पछाड़कर दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा युवा भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। उगाते हुए सूरज का देश कहजाने वाले जापान के सामने अपनी बूढ़ी हो चुकी आबादी का बड़ा संकट है। इसकारण बूढ़ी'हो रही जापानी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त पड़ गई है, जिसका सीधा फायदा भारत को मिलने वाला है। हालिया आंकड़े बताते हैं कि जापान की अर्थव्यवस्था अब चौथे पायदान पर खिसक गई है, जहां पहले जर्मनी काबिज था। इसका सीधा मतलब हुआ कि अब जर्मनी तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया और जापान चौथे पायदान पर पहुंच गया है। लेकिन, भारत की रफ्तार इन दोनों से ही ज्यादा है और जल्द ही वह दोनों देशों को पीछे छोड़ तीसरे पायदान पर पहुंच जाएगा।

रिपोर्ट के मुताबिक, जापान की विकास दर अभी 1.2 फीसदी है, जो पिछले साल तक निगेटिव में जा रही थी। अगर डॉलर के टर्म में देखी जाए तब इसकी अर्थव्यवस्था जर्मनी से पीछे चली गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह जापानी मुद्रा येन में गिरावट और तेजी से बूढ़ी होती जनसंख्या को बताया जा रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान और पुख्ता हो गया है कि जल्द ही भारत दोनों देशों को पीछे छोड़ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

एक वक्त जापान दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ जा रहा था। जब साल 2010 में चीन ने जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ा और दूसरे पायदान पर आ गया। आज चीन की इकनॉमी जापान के मुकाबले 4 गुना बढ़ चुकी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुसार जापान की इकनॉमी अभी 4.2 लाख करोड़ डॉलर की है, जो 2012 में 6.3 लाख करोड़ डॉलर की थी। इस दौरान जापानी मुद्रा येन भी डॉलर के मुकाबले 80 से गिरकर 141 पहुंच गई है। इसके मुकाबले अगर जर्मनी की जीडीपी देखी जाए तब आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार, यह अभी करीब 5 लाख करोड़ डॉलर है। जापान की जीडीपी जहां सुस्त रफ्तार से आगे बढ़ रही है, वहीं जर्मनी की ग्रोथ स्थिर बनी हुई है। साल 2028 तक जापान 5 लाख करोड़ डॉलर के आसपास रहेगा, तब जर्मनी इससे थोड़ा ऊपर पहुंच सकता है। अगर भारत से तुलना करने तब दोनों ही देशों के तमाम ग्रोथ आंकड़े काफी सुस्त नजर आ रहे हैं। आईएमएफ के आंकड़े भी साफ बता रहे हैं कि भारत की ग्रोथ इन दोनों के मुकाबले कहीं ज्यादा है। लिहाजा साल 2026 में पहले जापान को पीछे छोड़ हम चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने और फिर 2027 में जर्मनी को पछाड़कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

संदेशखाली में आरएसएस के बंकर, बाहरियों को लाकर दंगे करवा रही भाजपा : ममता बनर्जी

कोलकाता (एजेंसी)। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि संदेशखाली में बाहर से आकर बीजेपी के कार्यकर्ता मास्क पहनकर बयान दे रहे हैं। वहां टारगेट एसके शाहजहां था। ईडी ने सबसे पहले शाहजहां को निशाने पर लिया। संदेशखाली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बंकर हैं। वहां, पहले भी दंगे हो चुके हैं।

पश्चिम बंगाल के संदेशाखली में टीएमसी कार्यकर्ताओं पर महिलाओं के साथ यौन अत्याचार के आरोप लगे। मामले में अब मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ निशाना साधा है। ममता ने प्रताड़ना पर कहा कि संदेशखाली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बंकर हैं। वहां, पहले भी दंगे हो चुके हैं। बंगाल की विधानसभा में उन्होंने कहा कि संदेशखाली में बाहर से आकर बीजेपी के कार्यकर्ता मास्क पहनकर बयान दे रहे हैं। बीजेपी पर आरोप लगाकर ममता ने कहा कि संदेशखाली में बीजेपी बाहर से लोगों को ला रही है। इस मामले में हमारी सरकार ने एक्शन लेकर एक कमेटी बनाई है।

केंद्र पर निशाना साधकर ममता ने कहा कि दिनाजपुर में बीएसएफ की लापरवाही के कारण चार बच्चों की मौत हो गई। लेकिन केंद्र सरकार ने इसकी जांच के लिए अपनी कोई टीम नहीं भेजी। क्या केंद्र सरकार इस सवाल का जवाब देगी। उन्होंने कहा कि बीएसएफ का काम सीमा की निगरानी करना है, बीजेपी कार्यकर्ताओं की तरह काम करना नहीं। यहां बीजेपी के कैंपों पर बीएसएफ तैनात है।

बता दें कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए डीआईजी रैंक की महिला आईपीएस अधिकारी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय टीम बना दी है। टीम संदेशखाली का दौरा कर उन महिलाओं से बात करेगी, जिन्होंने आरोप लगाया है कि उनके साथ यौन उत्पीड़न किया गया।

संदेशखाली मुद्दे पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा था कि संदेशखाली की हिंदू महिलाएं मदद मांग रही हैं। टीएमसी नेता शेख शाहजहां कहां हैं। ममता और उनकी सरकार ने कभी उन गुंडों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। ईरानी ने दावा किया था कि महिलाओं के साथ हुए अत्याचार पर पुलिसकर्मी भी मूकदर्शक बने रहे। संदेशखाली में हाल के दिनों में स्थानीय टीएमसी नेता शेख शाहजहां के विरोध में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया है। महिलाओं ने शाहजहां और उनके सहयोगियों पर जबरन अपनी जमीनें हड़पने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है।

अब ममता बनर्जी और केजरीवाल बना सकते हैं अपना अलग गुट !

कोलकाता। भाजपा को टक्कर देने के लिए खड़ा हुआ महागठबंधन अब अंतिम सांसे गिनता दिख रहा है। सबकी अपनी अपनी राय है और अपनी मर्जी से खुद ही निर्णय ले रहे हैं, कोई किसी की सुनने को तैयार नहीं है। इसी बीच खबरें आ रहीं है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपना अलग गुट बना सकते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 21 फरवरी यानी अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर पंजाब का दौरा कर सकती हैं। यह भी पता चला है कि इस कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हालांकि, वह पंजाब का दौरा क्यों कर रही हैं, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री 21 फरवरी को पंजाब का दौरा करेंगी। उन्हें वहां स्वर्ण मंदिर जाना है। वह पंजाब में आप नेताओं के साथ बैठक कर सकती हैं। गौरतलब है कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस की भूमिका बदल गई है। आप और तृणमूल ने कुछ बिंदुओं पर नीतिगत गठबंधन कर लिया है। एक तरफ जहां तृणमूल ने पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, वहीं आप ने पंजाब में सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारने की बात कही है। कांग्रेस पहले ही बार-बार अपने सुर नरम कर चुकी है। उधर, ममता बनर्जी ने बार-बार क्षेत्रीय दलों से लोकसभा चुनाव लड़ने का आह्वान किया है। राष्ट्रीय राजनीति में ममता बनर्जी की अहमियत एक बार फिर बढ़ गई है।

मोदी का ग्राफ नीचे लाना है...! कथित किसान नेता का वीडियो हुआ वायरल

-राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद लोकप्रियता में हुआ इजाफा

नई दिल्ली (एजेंसी)। मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल किसान संगठनों में से एक भारती किसान यूनियन (एकता सिधूपुर) के प्रमुख जगजीत सिंह डल्लेवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ बयान दिया है, जिससे उनके विरोध की मंशा पर सवाल उठ सकते हैं। वीडियो सामने आया है जिसमें डल्लेवाल कह रहे हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ नीचे लाने के लिए किसानों का विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया है। यह वीडियो कुछ दिन पहले तब सामने आया था जब किसान अपना विरोध प्रदर्शन शुरू करने वाले थे। दल्लेवाल ने कहा कि राम मंदिर के बाद पीएम मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ बहुत ऊपर चला गया है...बहुत कम समय है...उनके ग्राफ को कैसे नीचे लाया जा सकता है। डल्लेवाल की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देकर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि यह एक राजनीतिक बयान है। क्या इतना बड़ा विरोध प्रदर्शन होने पर लोग पीएम मोदी का समर्थन करना बंद कर देंगे? जनता में यह संदेश प्रसारित हो रहा है कि यह विरोध का सही तरीका नहीं है। खट्टर ने अपनी मांगों को दबाने के लिए किसानों द्वारा अपनाए गए तरीके की आलोचना कर कहा कि वे आक्रामक सेना की तरह दिल्ली की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान एक सेना की तरह ट्रैक्टर-ट्रॉली, अर्थ-मूवर्स और एक साल के लिए राशन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पंजाब-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा कर्मियों के बीच जारी गतिरोध के मध्य तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति गुरुवार को चंडीगढ़ में किसान नेताओं से एक फिर वार्ता करेगी। कृषि व किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर किसान नेताओं से मुलाकात करेगी। यह दोनों पक्षों के बीच तीसरे चरण की वार्ता होगी। आठ और 12 फरवरी को हुई पहले दो चरण की वार्ता बेनतीजा रही थी।

बोरियत को न बनाएं अपनी आदत!

सारा काम खत्म हो गया, डिनर के लिए बाहर जाने का मन नहीं है, समझ नहीं आ रहा क्या करें, कहां जाएं? आपको भी अपने आसपास अक्सर ऐसी बातें सुनने को मिलती होंगी। ऐसा सोचने या कहने का सीधा मतलब यही है कि व्यक्ति अपनी वर्तमान मनस्थिति से खुश ही है और इसी वजह से उसे बोरियत महसूस हो रही है।

समस्या की जड़ें

जब कभी जीवन में ठहराव आने लगता है तो इससे बोरियत पैदा होती है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी ने इंसान को काफी हद तक वर्कोहॉलिक बना दिया है। अब लोग दिन-रात मशीन की तरह काम में जुटे रहते हैं। जैसे ही उनका कार्य पूरा हो जाता है, उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है।

आज लोगों के सामने मनोरंजन के विकल्पों का अंबार है, फिर भी वे बोरियत से परेशान रहते हैं। सीमित साधनों के बीच संतुष्ट और खुश रहना आसान है, लेकिन ढेर सारे विकल्प हमें केवल भ्रमित करते हैं और अंततः इनकी वजह से बोरियत पैदा होने लगती है।

बोर होते बच्चे

आजकल बच्चों को भी बहुत जल्दी बोरियत महसूस होती है। पुराने समय में बच्चे एक ही खिलौने से महीनों तक खेलते थे, पर आज के बच्चे दो ही दिनों के बाद अपने लिए नए खिलौने की मांग करने लगते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि अब पैरेंट्स के पास बच्चों के लिए समय नहीं है।

इस समस्या से बचने के लिए वे छोटी उम्र से ही बच्चों को उनकी मनमर्जी का काम करने की छूट दे देते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों की फ्रस्ट्रेशन टॉलरेंस खत्म हो रही है। अगर माहौल उनकी पसंद के प्रतिकूल हो तो वे पांच मिनट में ही ऊबने लगते हैं।

कभी-कभी बोरियत होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह स्थायी मनोदशा बन जाए तो चिंताजनक है। बोरियत नकारात्मक विचारों की जड़ है। इससे व्यवहार में चिढ़चिढ़ापन आने लगता है। कार्यक्षमता और रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसकी वजह से व्यक्ति को डिप्रेशन भी हो सकता है।

कैसे करें बचाव

खुद को बोरियत से बचाने के लिए जीवन में संतुलन बेहद जरूरी है। जिस तरह वर्कोहॉलिक होना नुकसानदेह है, उसी तरह ज्यादा आरामतलबी और मनोरंजन की अधिकता भी व्यक्ति को बहुत जल्दी बोर कर देती है। इन दोनों स्थितियों से बचते हुए दिनचर्या में संतुलन बनाए रखना चाहिए। जिस तरह शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए आप एक्सरसाइज करते हैं या जिम जाते हैं। ठीक उसी तरह दिमागी सेहत का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए फुर्सत के पलों में टीवी देखने के बजाय कोई अच्छी किताब पढ़ें, अपने करीबी लोगों से बातचीत करें या बागवानी करें। कोई भी ऐसी गतिविधि, जिसमें व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक ऊर्जा खर्च होती हो, वह उसे बोरियत से बचाती है। ऐसी समस्या से बचने के लिए सहनशीलता बहुत जरूरी है।

थोड़ा-सा बदलाव कर खुद को करें अपडेट

आप घर से ऑफिस और ऑफिस से घर तक ही सीमित रह गई हैं? अगर जवाब 'हां' में है तो कुछ बातों को जीवन में उतारकर अपनी पुरानी-सी और एक ही ढर्रे पर चलने वाली जिंदगी को बाय-बाय करना होगा। वक्त के अनुसार खुद को अपडेट करना जरूरी है, वर्ना जमाना आगे निकल जाएगा और आप सोचती ही रह जाएंगी। सकारात्मक सोच और रोजाना की दिनचर्या में थोड़ा-सा बदलाव करके आप मॉडर्न दिखने के साथ ही समय के साथ भी चल सकेंगी।

1 कामकाजी स्त्री के लिए मॉर्निंग वॉक पर जाना थोड़ा कठिन जरूर होता है लेकिन अपने आप को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज जरूरी है। दिनभर में कम से कम 30-35 मिनट अपने लिए जरूर निकालें। सुबह की सैर करने से मन में ताजगी आती है और दिनभर काम करने की ऊर्जा मिलती है। यदि मॉर्निंग वॉक पर न जा सकें तो योग और व्यायाम से भी चेहरे की चमक और रौनक हासिल की जा सकती है।

2 भड़कीले रंगों या ज्यादा एंब्रॉयडरी वाले कपड़ों को पार्टी या इवेंट्स के लिए ही रखें। अपने वॉर्डरोब में रोज में पहनने वाले सिंपल और कंफर्टेबल आउटफिट्स की संख्या बढ़ाएं।

फैशन ट्रेंड्स को फॉलो करना सही है, लेकिन वही पहनें जिसमें सहज रह सकें।

3 घर हो या ऑफिस, दोनों जगह जो बात जीवंत और प्रसन्ना बनाए रख सकती है, वह है- ज्ञान या नॉलेज। खुद को समय के साथ चलने लायक बनाना है तो रोज कम से कम एक समाचार पत्र पढ़ें, पत्रिकाएं लें, साथ ही सोशल गैदरिंग का हिस्सा बनें।

नौकरी करती हों या होम मैनेजर हों, खुद को हमेशा सीखने के लिए तैयार रखें।

4 चेहरे की रौनक बनाए रखने के लिए भरपूर मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लें। भोजन पौष्टिक हो। इसके अलावा 6 से 8 घंटे की नींद लें, ताकि चेहरा थका-थका सा न लगे।

5 अगर मानसिक थकान हो तो बच्चों के साथ खेलें, उनसे बात करें, संगीत सुनें या फिर बागवानी जैसे काम करें। इन कार्यों से थकान गायब होती है और कुछ क्रिएटिव करने का सुकून भी मिलता है।

6 घर या ऑफिस में कई उलझनें अक्सर परेशान करती हैं। कई बार खुद तक सीमित रखने से मन की उलझनें बढ़ती जाती हैं। ऐसे में किसी दोस्त या भरोसेमंद व्यक्ति से अपनी बात शेयर करें। हो सकता है कि जिस समस्या का हल आपको न मिल पा रहा हो, उसका कोई हल उसके पास हो।

7 वीकेंड पर घर में अकेले बैठे रहने के बजाय बच्चों के साथ पार्क जाएं, पिकनिक करें, दोस्तों-रिश्तेदारों से मिलने जाएं या घर पर ही किसी को आमंत्रित करें। इससे दिनचर्या की एकरसता टूटेगी और नई ऊर्जा भी मिलेगी।

8 सादगी में एक खूबसूरती छिपी है लेकिन कभी-कभी हल्का मेकअप करना, खुद को अच्छी तरह संवारना भी जरूरी है। अपना पर्सनल स्पेस निकालें और महीने-दो महीने में एक बार फेशियल कराएं या स्पा लें। इससे स्ट्रेस दूर होगा और चेहरे की मसाज होने से थकान भी कम होगी।

9 अपने आसपास के माहौल के प्रति जागरूक रहें। पड़ोस में रहने वाले लोगों से संपर्क बनाए रखें और अपनी सोसाइटी की आरडब्ल्यूए के कार्यक्रमों में भागीदारी करें। इससे सामाजिक व्यवहार बना रहेगा और किसी मुश्किल वक्त में पड़ोस के लोग काम भी आएंगे।

10 अगर घर में रहते हुए कुछ करना चाहती हैं तो अपने समय से एक-दो घंटे निकालें और बच्चों को पढ़ाएं। हो सकता है, आसपास कुछ बच्चों को आपकी जरूरत हो। अपनी शिक्षा का इस्तेमाल उन्हें पढ़ाने में करें। आपका समय भी अच्छा बीतेगा, नया ज्ञान भी मिलेगा और बच्चों का भविष्य भी संवरेगा।

खाने या खाद्य पदार्थों को अखबारों में रखना या लपेटना अस्वास्थ्यकारी

देश के खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने खाने की चीजों को अखबार में रखने, पैक करने या रखकर खाने के प्रति लोगों को आगाह किया है और इसे खतरनाक व जहरीला बताया है। एफएसएसएआई का कहना है अखबारों में रखे खाने के जरिए लोगों के शरीर में कैंसर जैसे रोग के कारक तत्व पहुंच रहे हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकार (एफएसएसएआई) ने इस बारे में एक परामर्श जारी किया है।

इसमें कहा गया है,' खाने या खाद्य पदार्थों को अखबारों में रखना या लपेटना अस्वास्थ्यकारी है और इस तरह के खाद्य उत्पाद या खाना खाना स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है भले ही उक्त खाना कितना अच्छा बना हो। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने एफएसएसएआई से कहा था कि वह इस बारे में परामर्श जारी करे। परामर्श में कहा गया है कि चूंकि अखबार छापने वाली स्याही में अनेक खतरनाक बायोएक्टिव तत्व होते हैं जिनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों की जानकारी सभी को है। इसके साथ ही प्रकाशन स्याही में हानिकारक रंग, पिगमेंट व परिरक्षक आदि हो सकते हैं।

इसमें कहा गया है कि बुजुर्गों, किशोरों, बच्चों व किसी रोग से पीडित लोगों को अखबारों में खाना देना खतरनाक हो सकता है. एफएसएसएआई ने सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों से कहा है कि वे इस बारे में लोगों को जागरक करें।

दिल बाग-बाग हो जाए

घर की बालकनी में पौधे लगाने का एक दिलचस्प तरीका है हैंगिंग गार्डेन। घर के इस छोटे से हिस्से में लटकते हुए गमलों से घर को हरियाली और सुंदरता दोनों ही मिलती है..

कहते हैं आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। महानगरों में जहां कंक्रीट के जंगल खड़े होते जा रहे हैं, वहां अपने चारों ओर हरियाली देखना एक सपने जैसा है, लेकिन यह सपना पूरा हो सकता है। हैंगिंग गार्डेन के रूप में। हर घर में बालकनी तो होती ही है, इस बालकनी का इस्तेमाल हरियाली के अपने शौक के लिए किया जा सकता है।

हैंगिंग गार्डेन

इस तरह के बगीचे में आपको पौधे लगाने के लिए जमीन के इस्तेमाल की जरूरत नहीं पड़ती। इसमें छोटे-छोटे गमलों को छत पर हुक बनाकर लटकाया जा सकता है। यही नहीं ग्रिल का इस्तेमाल भी हैंगिंग पाट्स लगाने के लिए किया जा सकता है।

इससे बालकनी का फ्लोर एरिया बच जाता है, जिसका इस्तेमाल आप दूसरे कामों में कर सकते हैं। इसके साथ ही घर का यह कोना हरियाली और खूबसूरती से भर जाता है।

सजावट भी है जरूरी

पौधों को एक क्रम में लगाने के लिए हुक, चेन और तरह-तरह के आकार वाले गमले तो आते ही हैं। आजकल हैंगिंग गार्डेन को खूबसूरत बनाने के लिए ढेर सारी एक्सेसरीज भी बाजार में उलपब्ध हैं।

प्लांट कंटेनर- आजकल बाजार में रंग-बिरंगे प्लांट कंटेनर आ रहे हैं। ये अपने आप में शोपीस की तरह लगते हैं।

बर्ड बाउल या नेस्ट- इसमें आप चिडियों के लिए पानी और दाना डाल सकते हैं, ताकि पक्षी भी आकर आपके हैंगिंग गार्डेन का लुत्फ उठा सकें।

हैंगिंग्स- पाट्स के बीच-बीच में लगाने के लिए बेहद खूबसूरत हैंगिंग्स और दूसरी तरह के शो पीस का इस्तेमाल करके भी गार्डेन की खूबसूरती में चार चांद लगा सकते हैं।

रंग-बिरंगे पाट्स

आजकल खासतौर पर प्लास्टिक के पाट्स आते हैं। ये बेहद हल्के होते हैं और इनका रखरखाव भी आसान है। इसके अलावा इनके टूटने का खतरा नहीं होता और खराब होने पर इन्हें बदलना महंगा भी नहीं पड़ता। इसके अलावा राट आयरन के हैंगिंग स्टैंड भी काफी पसंद किए जा रहे हैं। इनमें कोकोलाइनर की बास्केट लगी होती है। इसकी सजावट के लिए हल्के वजन का बुरादा, जिसे कोकोपीट कहते हैं और ग्रास भी आती है। चीनी मिट्टी के गमले भी हैंगिंग गार्डेन में इस्तेमाल किए जाते हैं, लेकिन ये काफी भारी होते हैं और इनके टूटने का खतरा भी ज्यादा होता है। इसलिए इनका प्रयोग कम किया जाता है। ये थोड़े महंगे भी होते हैं।

कैसे करें देखभाल

- आमतौर पर हैंगिंग गार्डेन में लोग इस तरह के पौधे लगाना पसंद करते हैं, जिन्हें ज्यादा देखभाल की जरूरत न हो। बेल या पौधे, जिनमें दो दिन में एक बार पानी देने की जरूरत पड़े।
- आजकल बाजार में ऐसी एक्सेसरीज भी उपलब्ध हैं, जिनमें हैंगिंग गार्डेन का ध्यान रखना अपेक्षाकृत सुविधाजनक हो जाता है।

जिन आदतों से हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है और बीमारियों से दूर रहता है । आपको बता दें कि इन आदतों का फायदा न के बराबर है।

आप जिन 4 हेल्थी हैबिट्स का रोजाना करते है इस्तेमाल उनका नहीं है कोई फायदा

आप और हम सालों से अपनी रोजमर्रा की लाईफ में हेल्थी हेबिट्स का इस्तेमाल यह कहते हुए करते आ रहे हैं कि इन आदतों से हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है और बीमारियों से दूर रहता है लेकिन हम आपको बता दें कि इन आदतों का फायदा न के बराबर है। आज हम आपको देंगे ऐसी जानकारी जो इन आदतों के बारे में आपकी सोच बदल के रख देंगे।

टॉयलेट सीट पर टिशु पेपर

साफ-सफाई पसंद करने वाले लोग अक्सर टॉयलेट सीट पर भी टिशु पेपर बिछाना पसंद करते हैं जबकि ऐसा करके आप टॉयलेट में मौजूद सारी गंदगी को टिशु के जरिये शरीर के और पास ले आते हैं।

कान साफ करना

बहुत से लोग कान में ईयर बड घुसाकर उसे साफ करने के जतन करते नजर आते हैं। लेकिन हम आपको बता दें कि कान के बाहरी हिस्से कि सफाई के अलावा उसे साफ करने का कोई मतलब नहीं होता। असल में आप कान के वैक्स को और अन्दर की तरफ धकेलने के आलावा और कुछ भी नहीं कर रहे होते।

फ्रूट जूस

भारतीयों में फ्रूट जूस पीने की आदत भी बाकी देशों के मुकाबले काफी ज्यादा है। हालांकि फल खाने के मुकाबले जूस पीना सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद नहीं होता। फलों में आमतौर पर फाइबर होता है जिसे जूस पीने के चक्कर में ज्यादातर लोग वेस्ट कर देते हैं।

हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल

शायद आपको नहीं पता हो लेकिन आपका हैंड सैनिटाइजर आपको सिर्फ दो सामान्य तरह के संक्रमण से ही सुरक्षा दे सकता है। बाकी हाथों को साफ रखने के लिए उन्हें साबुन से धोना ही अब तक सबसे बेहतर उपाय है।

ऐसे सजाएं अपने कमरे को...

घर को नया अंदाज देने के लिए जरूरी नहीं है कि आप इंटीरियर डिजाइनर की ही सलाह लें। अपने बजट के हिसाब से थोड़ी सी एसेसरीज खरीदें। इनके प्रयोग से आप अपने घर को नया लुक दे सकती हैं।

घर को नया अंदाज देने के लिए जरूरी नहीं है कि आप इंटीरियर डिजाइनर की ही सलाह लें। अपने बजट के हिसाब से थोड़ी सी एक्सेसरीज खरीदें। इनके प्रयोग से आप अपने घर को नया लुक दे सकती हैं।

- खिड़कियों के लिए कढ़ाई वाले सिल्क फैब्रिक के पर्दों का इस्तेमाल करें। आजकल बाजार में सिल्क फैब्रिक पर आकर्षक एम्ब्रॉयडरी किए हुए पर्दे आसानी से मिल रहे हैं।
- सजावटी सामानों को सजाने के लिए एक बड़ा शो पीस तो अपनी एक जगह बना लेता है, लेकिन छोटे सजावटी सामान सजाते समय इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें एक साथ रखें।
- प्लेन दीवार पर हाथ से सुंदर मोटिफ बना सकती हैं, जैसे सुंदर सी कोई बेल या खूबसूरत रंगीन फूल। यह कमरे को बेहतरीन बना देता है।

- सर्दियों के मौसम में वॉर्म कलर वाले कुशन, बेडशीट और पर्दों का चयन करें। जैसे रेड, ऑरेंज, कॉफी, मैरून, यलो, डार्क चॉकलेट, डार्क ग्रीन।
- कलर्ड ग्लासेज और स्टोन का प्रयोग कमरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।
- मॉडर्न वर्जन को ओल्ड क्लासिक के साथ मिलाने से घबड़ाएं नहीं। ऐसा प्रयोग अच्छा भी लगता है अगर वह ढंग से किया गया हो।

- बेडरूम को इस तरह सजाएं कि अनुपयोगी कोने का इस्तेमाल बेहतर तरीके से कर सकें। ऐसे कोनों पर आप लकड़ी की खूबसूरत अलमारी बनवा सकती हैं, जहां आप अपनी जरूरत का अतिरिक्त सामान या बड़े सामान भी व्यवस्थित रूप से रख सकती हैं, जो सुरक्षित भी रहेगा।
- अगर घर में फ्लोरल प्रिंट्स का इस्तेमाल करना नहीं चाहती हैं तो थोड़ी सी जगह पर इनका प्रयोग कर सकती हैं। प्लेन सोफे के साथ एक फ्लोरल फैब्रिक वाली कुर्सी भी बहुत अच्छी लगेगी।
- लेदर का सोफा कमरे की शान को बढ़ा देता है। आप इसे अपने ड्रॉइंग रूम में सेंटर दीवार के पास सजा सकती हैं। साथ में केन की दो कुर्सियां भी रंगीन कुशन के साथ सजा सकती हैं।

रणबीर कपूर की एनिमल की मुरीद हुईं हुमा कुरैशी

रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'एनिमल' रिलीज 2 महिने बाद भी लगातार चर्चा में बनी हुई है। 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 900 करोड़ से भी अधिक का कलेक्शन किया है। जहां एक तरफ इस फिल्म ने हर दिन नए रिकॉर्ड बनाए तो वहीं इस फिल्म को खूब आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा। इस फिल्म के कुछ सीन्स पर विवाद भी हुआ। कई सेलेब्स सहित सोशल मीडिया पर फिल्म को महिला विरोधी बताया गया। वहीं अब संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने जमकर तारीफ की है। उन्हें न सिर्फ ये फिल्म पसंद आई है, बल्कि एक्ट्रेस ने इस तरह की फिल्म में काम करने की ख्वाहिश भी जाहिर की है।

हुमा कुरैशी ने की एनिमल की तारीफ

हुमा कुरैशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में 'एनिमल' के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि 'मुझे फिल्म बहुत पसंद आई और मैंने इसका भरपूर लुत्फ उठाया। मुझे इसकी मर्दानगी, एक्शन और संगीत बहुत पसंद आया। यह बहुत ही कलात्मक फिल्म है और मुझे लगता है कि हर तरह की फिल्में बननी चाहिए। एक दर्शक के रूप में यह आपकी पसंद है कि आप उस फिल्म को देखना चाहते हैं या नहीं।'

अब तक समाज सुधर चुका होता

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि 'मैं ऐसी फिल्म करना पसंद करूंगी जिसमें मैं मशीन गन पकड़ सकूं और हजारों लोगों को मार सकूं। मुझे लगता है, बतौर एक्टर किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनना बहुत इंटेरेस्टिंग है जो इतना डिस्ट्रक्टिव है। मैं इसे इसी तरह रखूंगी।' हुमा ने कहा कि जब मैं 'वुल्फ ऑफ वॉल स्ट्रीट' फिल्में देखती हैं तो मुझे लगता है एक कलाकार के रूप में ऐसा किरदार निभाना बहुत रोमांचक है। अगर लोगों का ये सोचना है कि फिल्में समाज को प्रभावित करती हैं, तो अब तक समाज में सुधार हो चुका होता। क्योंकि समाज को सुधारने वाली कई फिल्में बन चुकी हैं। अगर अब तक नहीं सुधरा तो अब बिगड़ेगा भी नहीं। मेरा मानना है कि 'एनिमल' भी बनाओ और महारानी भी बनाओ। जब तक लोगों को पसंद आएगी देखेंगे।

इंडस्ट्री में दबाव के कारण कुछ फिल्म एक्टर्स टीवी की दुनिया में काम नहीं पाते

टीवी सीरियल पुष्पा इम्पॉसिबल में पुष्पा का रोल कर रहीं करुणा पांडे टीवी इंडस्ट्री में पिछले 18 साल से एक्टिव हैं। उन्होंने कई टीवी सीरियल्स में काम किया है। अब एक इंटरव्यू में उन्होंने टीवी इंडस्ट्री के दबाव के बारे में बात की है, जो हर कोई नहीं झेल सकता। खासकर कुछ फिल्मों के एक्टर्स तो बिल्कुल नहीं।

इंडस्ट्री में बहुत कुछ होता है

मुझमें और पुष्पा में बहुत सारी समानताएं हैं। यह मुझे किरदार चुनते ही समझ आ गया था। उसका आशावादी व्यक्तित्व, संघर्षों से ना बिखरने की शक्ति, खुश रहना इन सब चीजों से मैं काफी जुड़ाव महसूस करती हूं। यह ऐसा किरदार है, जो बेहद प्रासंगिक है, पुष्पा ताकत, दृढ़निश्चय और मानवीय भावना की जीत का प्रतीक है। करीब दो दशक मुझे टीवी में काम करते हुए हो गए हैं, लेकिन मैंने तुलना जैसी चीजों पर कभी ध्यान नहीं दिया। हर चीज का दौर होता है। यह इंडस्ट्री है यहां पर बहुत कुछ होता रहता है।

दबाव के चलते कुछ एक्टर्स टीवी में काम नहीं करते

बतौर कलाकार मुझे प्लैटफॉर्म बदलने से फर्क नहीं पड़ता। टीवी में आप पांच-छह सीन हर दिन शूट करते हैं। सिनेमा में आप एक दिन में दो ही सीन करते हैं। इससे मानसिक सुकून और आराम मिलता है। टीवी में टेलिकास्ट, आउटपुट और क्वालिटी मेंटेन करने का दबाव होता है। यही वजह है कि कई फिल्मों के एक्टर टीवी में काम नहीं कर पाते क्योंकि उन्हें स्पीड, स्पेस और उसी वक्त आकर सीन तैयार करना, उनसे नहीं हो पाता क्योंकि उनकी प्रैक्टिस नहीं होती है। सारा खेल अभ्यास का है। मैं 18 साल से टीवी इंडस्ट्री में काम कर रही हूं। आप मुझे 10 पेज का सीन दे देंगे तो मैं कर दूंगी और अच्छा परफॉर्म करके दिखाऊंगी। माध्यम में अंतर होता है लेकिन अच्छा कलाकार वही है, जो हर जगह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके दिखाए। बाकी, जब आप दबाव में कार्य करते हैं, तभी आपकी प्रतिभा निखरकर आती है।

लीड रोल ही पसंद करती हूं

ऐसा नहीं है कि मैं सिर्फ टीवी में ही काम करना चाहती हूं। फिल्मों और वेब सीरीज में भी काम करना है। मैं एक कलाकार हूं और हर माध्यम में अपना हुनर दिखा सकती हूं। मुझे मजबूत किरदार निभाने हैं। मैं यही चाहती हूं, जो भी पात्र हो उसका कहानी में कितना महत्व है और वह क्या कर रहा है, इस पर मेरा ध्यान रहता है। मैं ज्यादातर लीड रोल करना पसंद करती हूं क्योंकि मैं चाहती हूं कि कहानी मेरी हो। अगर कहानी मेरी होगी तो मैं कुछ भी करूंगी।

सिनेमा जिंदगी से जुड़ी सच्चाई दिखाता है

अब टीवी की ऑडियंस थोड़ा बोल्ड हो गई है। यह ठीक वैसे ही है जैसे अबके बच्चों और पहले के बच्चों को देख लीजिए। अब जो समझ उन्हें आठ-दस साल में आ जाती है, वो पहले 18-20 साल की उम्र में आती थी। जिस तरह दुनिया बदल रही है। उसी तरह हमारी टीवी इंडस्ट्री भी बदलती जा रही है। यह समय के साथ जरूरी भी है। अब तमाम शोज में महिलाएं लीड भूमिका निभा रहीं। फिल्म, थिएटर या ओटीटी कुछ भी हो, उनमें जो चीजें दिखाई जाती हैं, असल में वो कहीं-न-कहीं हमारी जिंदगी से जुड़ी हैं। जैसे हम बदले हैं, वैसे ही लोगों का टीवी देखने का नजरिया भी बदला है।

कराटे चंद्रन में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे फहाद फासिल

मलयालम एक्टर फहाद फासिल अपनी अपकमिंग फिल्म कराटे चंद्रन में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में मलयालम एक्टर दिलीश पोथन भी हैं। पोथन ने पहले फहाद के साथ फिल्म कुंबलंगी नाइट्स और महेशिन्ते प्रतिकारम में काम किया है। फिल्म एडिटर किरण दास ने इंस्टाग्राम पर एक्टर के कराटे ट्रेनिंग सेशन की तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने फिल्म की बाउंड स्क्रिप्ट की एक तस्वीर भी साझा की। किरण दास ने कैप्शन में लिखा, फहाद फासिल स्टारर कराटे चंद्रन रॉय द्वारा निर्देशित है। इसे एस. हरीश और विनोय थॉमस ने लिखा है। अधिक अपडेट जल्द ही शेयर किया जाएगा। फिल्म कराटे चंद्रन फहाद और भावना स्टूडियो के बीच तीसरे सहयोग का प्रतीक है।

अक्षय की नई फिल्म सरफिरा का एलान, रिलीज डेट आउट



अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज के लिए तैयार हैं। एक ओर जहां फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर हाल ही में, अभिनेता की दूसरी फिल्म सरफिरा की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। इस फिल्म में अक्षय राधिका मदान के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। यह फिल्म सूर्या की सोरारई पोटरू की रीमेक है। बेबी, एयरलिफ्ट, टॉयलेट- एक प्रेम कथा और स्पेशल 26 के जैसे एक्शन और एडवेंचर के बाद अक्षय कुमार का अंदाज अब सरफिरा होने वाला है। एक्टर ने 13 फरवरी को फिल्म का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। फिल्म में परेश रावल, राधिका मदान और सीमा बिस्वास भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधा कोंगारा फिल्म की निर्देशक हैं। वह इससे पहले इरुद्धि सुत्तरु और साला खडूस का निर्देशन कर चुकी हैं, जो तेलुगु में गुरु और सोरारई पोटरु नाम से भी बनी थी। फिल्म की एक झलक साझा करते हुए, अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा, इतने बड़े सपने देखो, वे तुम्हें पागल कहते हैं! ससरफिरा केवल 12 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

प्रभास और रश्मिका मंदाना स्क्रीन पर करेंगे रोमांस!

साउथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। वो बाहुबली एक्टर प्रभास के साथ स्पिरिट मूवी में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन एनिमल के डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा करेंगे। ये रश्मिका और प्रभास की साथ में पहली फिल्म होगी, दोनों स्क्रीन पर रोमांस करते हुए नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, रश्मिका मंदाना की ये डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा के साथ दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले वो उनकी एनिमल में नजर आई, जिसमें रणबीर कपूर लीड रोल में थे। फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी भी नजर आईं। ये फिल्म जबरदस्त हिट रही। फिल्म के लिए संदीप रेड्डी वांगा से सवाल पूछा गया तो उन्होंने बताया कि ये इसी साल फ्लोर पर उतरेगी। साल 2024 के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। फिलहाल, रश्मिका इन दिनों पुष्पा 2 की शूटिंग में बिजी हैं। इसमें अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में चल रही है। ये 15 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। प्रभास की बात करें तो उन्हें पिछली बार सलार में देखा गया था। अब वो कल्कि 2898 एडी में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण, कमल हासन और अमिताभ बच्चन जैसे स्टार्स हैं। ये इसी साल मई महीने में रिलीज होगी। उनके पास राजासाब भी है।

निर्देशक नीरज पांडे की अगली फिल्म में अभिनय करेंगी सैयामी खेर

अभिनेत्री सैयामी खेर निर्देशक नीरज पांडे की आगामी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। यह प्रोजेक्ट एक महिला प्रधान विषय की खोज करने वाली एक लेखक-समर्थित भूमिका है, जो दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। यह नेटफ्लिक्स ऑरिजिनल फिल्म है। घूमर में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद नीरज पांडे ने सैयामी को महत्वपूर्ण भूमिका के लिए चुना। हिट सीरीज स्पेशल ऑप्स में उनकी सफल साझेदारी ने आगामी सीजन में उनके एक साथ आने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग 15 फरवरी से शुरू होगी, प्रोडक्शन टीम 30 दिनों के शूटिंग शेड्यूल के लिए तैयार है, जिससे फिल्म समय पर पूरी होगी। वे पूरी फिल्म को एक बार में शूट करने की योजना बना रहे हैं। कोई ब्रेक नहीं होगा। यह नेटफ्लिक्स की ऑरिजिनल फिल्म होगी। सैयामी ने 2015 में तेलुगु फिल्म रे से डेब्यू किया और राकेश ओमप्रकाश मेहरा की पंजाबी लोकगीत मिर्जा-साहिबां पर आधारित हिंदी फिल्म मिर्जया में नजर आईं। 2020 में वह मयंक शर्मा की वेब सीरीज ब्रीथ में अभिषेक बच्चन के साथ नजर आईं।

सई मांजरेकर में बहुत पॉजिटिविटी एनर्जी है

वरिष्ठ अभिनेता अनुपम खेर ने फिल्म कुछ खट्टा हो जाए में सई एम. मांजरेकर के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा किया और कहा कि वह सेट पर पॉजिटिविटी और वाइब्रेंट एनर्जी लेकर आईं। अनुपम ने कहा, चाहे आप उनके साथ डम्ब शराड खेलें, चाहे आप उनके साथ वर्ड बिल्डिंग वाला गेम खेलें, वह हमेशा मुस्कुराती रहती हैं। उनमें बहुत एनर्जी है और वह एक पॉजिटिविटी इंसान हैं। गुरु रंधावा और सई अभिनीत यह फिल्म पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है। यह फिल्म एक रॉम-कॉम है। इसकी शूटिंग आगरा में हुई है। कहानी दो प्रेमियों और उनके क्रेजी फैमिलीज के इर्द-गिर्द घूमती है। इसमें इला अरुण और तेलुगु कॉमेडी के दिग्गज ब्रह्मानंदम भी हैं। मच फिल्म्स और अमित भाटिया द्वारा निर्मित, यह फिल्म 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

भूल भुलैया-3 में होगी विद्या बालन की वापसी

बॉलीवुड की सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'भूल भुलैया' के तीसरे पार्ट की अनाउंसमेंट हो गई है। 2022 में रिलीज हुए फिल्म के सेकेंड पार्ट में लीड रोल प्ले करने वाले एक्टर कार्तिक आर्यन ने इसकी अनाउंसमेंट करते हुए एक टीजर शेयर किया है। खास बात यह है कि इस थर्ड पार्ट में फिल्म के फर्स्ट पार्ट में मंजुलिका के किरदार में नजर आई एक्ट्रेस विद्या बालन की वापसी होगी। कार्तिक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक टीजर वीडियो शेयर किया जिसमें वो और विद्या बालन एक साथ नजर आ रहे हैं। इसे शेयर करते हुए कार्तिक ने लिखा, 'यह होने जा रहा है। मंजुलिका 'भूल भुलैया' की दुनिया में वापस आ रही हैं। मैं उनका वेलकम करते हुए बहुत एक्साइटेड हूं। यह दिवाली बहुत धमाकेदार होने वाली है।'

अनीज बज्मी ही डायरेक्ट करेंगे थर्ड पार्ट

कार्तिक ने अपने पोस्ट में डायरेक्टर अनीस बज्मी और प्रोड्यूसर भूषण कुमार को भी टैग किया है। इससे यह साफ है कि फिल्म के सेकेंड पार्ट की तरह इसके थर्ड पार्ट को भी अनीस बज्मी ही डायरेक्ट करेंगे। फिल्म के इस अनाउंसमेंट टीजर को देखकर सोशल मीडिया पर कई फैंस एक्साइटेड हैं। लोगों का कहना है कि रूह बाबा और मंजुलिका को साथ देखकर मजा आएगा। वहीं कई फैंस अक्षय कुमार को भी फ्रेंचाइजी में वापस लाने की मांग कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'अब अक्षय कुमार को भी वापस ले आओ..'। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, 'कार्तिक से कोई तकलीफ नहीं है पर अक्षय को भी वापस लाना चाहिए।' वहीं एक फैन ने तो फिल्म के फर्स्ट पार्ट से सपोर्टिंग एक्टर परेश रावल और मनोज जोशी को भी वापस लेकर आने की मांग की है।

साई पल्लवी के साथ डेब्यू करेंगे आमिर खान के बेटे जुनैद

आमिर खान के बेटे जुनैद खान जल्द ही बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाले हैं। उनकी पहली फिल्म महाराज 2024 में स्क्रीन पर हिट होने के लिए तैयार है। फैंस बेसब्री से उनके डेब्यू का इंतजार कर रहे हैं। एक्टर इससे पहले से ही अपने अगले प्रोजेक्ट में लगे हुए हैं, जिससे सुर्खियों में चर्चा हो रही है। इसमें उनके साथ होंगी साउथ एक्ट्रेस साई पल्लवी। आमिर खान प्रोडक्शंस की बनाई फिल्म में जुनैद खान हैं और उनकी फिल्म का सेट साप्पोरो स्नो फेस्टिवल में बना है। धुंधले लेकिन प्यारे शॉट्स फिल्म में जुनैद खान के लुक को दिखाते हैं, साथ ही उनकी को-एक्टर साई पल्लवी भी हैं, जो एक रोमांटिक रोल प्ले कर रही हैं। इस फिल्म में जाहिर तौर पर साप्पोरो की खूबसूरती दिखने वाली है, जो दर्शकों के लिए कुछ नया लेकर आएगी। बर्फबारी के कारण मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, फिल्म की शूटिंग अब भी चल रही है। वायरल फोटोज से पता चलता है कि नेचर की बाधाओं को पार करते हुए शूटिंग पूरे जोश के साथ आगे बढ़ रही है।

डबल इंजन की सरकार में विकास की गति तेज : सांसद

नोएडा (चेतना मंच)। सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. महेश शर्मा ने अपने संसदीय क्षेत्र के सिकन्द्राबाद विधानसभा में आयोजित 'गाँव चलो अभियान' एवं 'ग्राम परिक्रमा यात्रा' के तहत चिड़ावक, विकास खण्ड गुलावठी, बेनीपुर, कायस्थवाडा, मोहल्ला खत्रीवाड़ा में पंहुचकर लोगों के साथ भेंट की तथा उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

ग्राम चिड़ावक में कार्यक्रम के दौरान वहां पर उपस्थित मुस्लिम समुदाय के लोगों से सांसद ने कहा कि केन्द्र एंव प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सबको मिल रहा है जिससे भारतवासियों की जीवन शैली में भी परिवर्तन हुआ है।

सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार में ही मोदी जी की गारंटी है कि बिना भेदभाव के सबका साथ-सबका विकास करते है। इसलिए मोदी एवं योगी की जोड़ी को आपसभी का स्नेह व आशीर्वाद मिला है और मिलता रहेगा और मैं भी सदैव क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करता रहूंगा। इसके बाद सांसद गायत्री परिवार शांति कुंज द्वारा 24 कुंडीय महायक्ष रामलीला मैदान गुलावठी में सम्मिलित हुए एवं हवन पूजन कर आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि सिकन्द्राबाद सुरेश चंद शर्मा, गुलावठी ब्लाक प्रमुख नेहा यादव, सुनील यादव, विधायक सिकन्द्राबाद लक्ष्मीराज सिंह, बुलन्दशहर जिलाध्यक्ष विकास चैहान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिवाकर, सुंदरपाल तेवतिया, दीपक दुल्हेरा, भवतोष गुर्जर, सोनू प्रधान मंडल अध्यक्ष, धर्मेंद्र तेवतिया, संदीप तेवतिया, हरेंद्र यादव पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रमोद शर्मा, हर्ष यादव, उदय प्रताप बराल, पंडित आशीष उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, पप्पू प्रधान, पिंटू प्रधान, राकेश प्रधान, आसिफ प्रधान, नासिर अली, कदम आलम, युवी शर्मा, सुल्लन पंडित, इकरार खान चिड़ावक मुस्तकीम चि?वक आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

ग्रेनो प्राधिकरण ने 23 कार्यों के लिए 85 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टरों व गांवों में मरम्मत व रखरखाव के कार्यों को और तेज कर दिया है। प्राधिकरण ने 23 कार्यों के लिए लगभग 85 करोड़ रुपये के टेंडर निकाले हैं। इसी माह टेंडर प्रक्रिया को पूरा काम शुरू कराने की तैयारी है।

- गांवों व सेक्टरों में सीवर सिस्टम को दुरुस्त करने पर खर्च होंगे 69 करोड़
- गांवों के विद्युतीकरण पर 11 करोड़ व निर्माण कार्यों पर 4 करोड़ के टेंडर

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों व गांवों में विकास व रखरखाव के कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ के निर्देशों पर अमल करते हुए परियोजना, जल-सीवर और उद्यान विभाग ने 23 कार्यों के लिए करीब 85 करो? रुपये के टेंडर निकाल दिए हैं। प्राधिकरण के जल-सीवर विभाग के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम ने बताया कि सेक्टर ईकोटेक दो व तीन के एसटीपी का 5 वर्ष तक रखरखाव व संचालन के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। इस कार्य पर लगभग 11 करो? रुपये खर्च होंगे। इसके साथ ही जोन 1, 2, 3, 4 व 5 के गांवों व सेक्टरों में सीवर सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए लगभग 70 करोड़ रुपये के टेंडर जारी कर दिए गए हैं। पौव्वारी स्थित गौशाला में बिजली कार्य और सिरसा, कासना व अन्य गांवों में 6 प्रतिशत आबादी भूखंडों के विद्युतीकरण के लिए भी टेंडर जारी हुए हैं। ईकोटेक 6, 7 व 8 में पार्कों व ग्रीन बेल्ट के विकास और अनुरक्षण के कार्यों के लिए भी टेंडर जारी हुए हैं। सेक्टर टेकजोन टू में 60 व 45 मीटर चौड़ी सड़क की ब्रिक ड्रेन की रिपेयरिंग, बीटा वन व स्वर्णनगरी में शापिंग सेंटर की मरम्मत, म्यू टू में 29.76 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के चार मंजिला फ्लैटों की मरम्मत, अच्छेजा व डाबरा के श्मशान घाट के मरम्मत का कार्य आदि के लिए भी टेंडर जारी हो गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने निर्धारित अवधि में टेंडर प्रक्रिया को पूरा कर इन कार्यों को प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिए हैं।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी में जुटा प्रशासन

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं का ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह 4.0 आगामी 19 से 21 फरवरी 2024 तक लखनऊ में आयोजित होने जा रहा है। इसी क्रम में आगमी 19 फरवरी 2024 को जनपद स्तर पर भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट के सभागार में आगामी 19 फरवरी 2024 को आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा की 19 से 21 फरवरी 2024 तक लखनऊ में आयोजित होने वाला ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 उत्तर प्रदेश सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इसलिए अधिकारी कार्यक्रम की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए आगामी 19 फरवरी 2024 को जनपद स्तर पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर अपनी सभी तैयारियां को युद्ध स्तर पर मानकों के अनुरूप पूर्ण करने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार को बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 19 फरवरी 2024 को जनपद में आयोजित होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जनपद की तीनों विधानसभा में आयोजित की जाएगी, इसलिए वह संबंधित उप जिलाधिकारी से वार्ता करते हुए कार्यक्रम के आयोजन हेतु स्थल का चिन्हांकन करते हुए वहां पर सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें।

जिलाधिकारी यह भी निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को इस तरह से आयोजित किया जाए कि लखनऊ में हो रहे आयोजन का सीधा प्रसारण भी देखा जा सके, इसके लिए लिंक आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उपयुक्त उद्योग अनिल कुमार तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

केन्द्रीय वित्त मंत्री से मिले एचएचईडब्ल्यूए के सदस्य

नोएडा (चेतना मंच)। राकेश कुमार चेयरमैन IEML, मेंटोर EPCH एवं अवधेश अग्रवाल, महासचिव मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन एवं सी.पी. शर्मा अध्यक्ष हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर वेलफेयर एसोसिएशन ने जफर इस्लाम राष्ट्रीय प्रवक्ता भाजपा के नेतृत्व मे केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से उनके दिल्ली वितमंत्रालय कार्यलय मे भेंट की।

राकेश कुमार व सी.पी. शर्मा अध्यक्ष एचएचईडब्ल्यूए एवं अवधेश अग्रवाल ने वित्तमंत्री को एमएसएमई के अंतर्गत 45 दिन मे पेमेंट करने की परेशानियों से अवगत कराया व मांग कि इस कानून को तुरंत समाप्त किया जाए या इसकी समय सीमा 180 दिन की जाए क्योंकि निर्यात आर्डर को बनाने मे 90 दिन व माल पहुंचने मे और पेमेंट आने मे 90 लगते हैं। इसके अलावा जीएसटी रिफंड मे कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए पोर्टल मे ऐसी व्यवस्था हो की ट्रेडर्स जब तक E-way बिल जेनरेट नहीं कर पाए जब तक उनके यहां माल inward नहीं हो जिससे जीएसटी चोरी रोकी जा सके। इसी के साथ साथ अन्य परेशानियो से भी विस्तार से अवगत कराया गया।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना व कहा कि एमएसएमई को सपोर्ट सभी को करना चाहिए व इस समस्या का तत्काल क्या हल होगा इस पर विचार किया जाना चाहिए एवम जीएसटी रिफंड के संबंध मे अवधेश अग्रवाल द्वारा दिए गए सुझाव का उन्होंने स्वागत किया व कहा कि यह बहुत अच्छा है शीघ्र ही इस पर कार्य करेंगे।

भारत बंद में छात्रों को न हो दिक्कत : कसाना

नोएडा (चेतना मंच)। आल नोएडा स्कूल्स पेरेंट्स एसोसिएशन ने किसान आंदोलन को देखते हुए मांग की है कि आज होने वाले भारत बंद से स्कूलों को दूर रखा जाए। बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने के कारण किसान आंदोलन के चलते छात्रों को परेशानी हो सकती है।

आल नोएडा स्कूल्स पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष यतेन्द्र कसाना ने इस संबंध में किसान संगठनों व पुलिस अधिकारियों से मांग की है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा के दौरान छात्र स्कूलों तक कैसे पहुंचें इसको लेकर अधिकतर अभिभावक आशंकित हैं। किसान संगठनों ने आज भारत बंद का आह्वान किया है। उन्होंने किसान संघठनों के साथ-साथ पुलिस कप्तानो और व्यवस्था में लगे तमाम पुलिस अधिकारियों से भी मांग की है कि वह किसी स्कूल के बच्चे को जाम में फंसा देखे तो उसे तुरंत परीक्षा केंद्र पहुँचाने मे मदद करें।

प्यार का खौफनाक अंत, प्रेमिका की जान लेने के बाद प्रेमी ने की आत्महत्या

नोएडा (चेतना मंच)। वैलेंटाइन-डे पर प्यार का अंजाम इतना खौफ्नाक होगा इसका अंदाजा शायद किसी को नहीं था। वैलेंटाइन-डे के दिन अपनी प्रेमिका को मौत के घाट उतारने के बाद प्रेमी ने भी अपने कमरे में फांसी लगा ली।

थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के नवादा में एक पीजी में रहने वाली 24 वर्षीय युवती की हत्या कर दी गई। युवती मथुरा की रहने वाली थी और गाजियाबाद के एक कॉलेज में इंजीनियरिंग कर रही थी। पीजी में युवती के साथ रहने वाली लड़की ने गंभीर हालत में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां डाक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। युवती के परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में मथुरा के रहने वाले अमन पर अपनी बेटी की हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने बताया कि युवती की अमन से दोस्ती थी और कुछ दिनों से दोनों में अनबन चल रही थी। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने अमन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

हत्यारोपी अमन की तलाश कर रही पुलिस को खबर मिली कि अमन इन दिनों गाजियाबाद में रह रहा था और उसने लैंड क्राफ्ट सोसायटी में अपने रूम में फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली है। थाना कविनगर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

अमन और मृतक युवती यूपी के मथुरा यूपी के मथुरा के रहने वाले थे और एक-दूसरे को पिछले 4-5 वर्षों से जानते थे। युवती नोएडा में रहकर जॉब कर रही थी और गाजियाबाद से इंजीनियरिंग की पढ़ाई। लेकिन पिछले कुछ दिनों से दोनों में अनबन चल रही थी। इस अनबन का अंजाम यह हुआ कि प्यार के दिन वैलेंटाइन-डे पर ही दोनों की जिंदगी खत्म हो गई।

श्याम बाबा के लिए यूएई से मंगवाया खास इत्र

आज शाम पंचम फाल्गुन श्री श्याम महोत्सव का आयोजन

नोएडा (चेतना मंच)। श्री श्याम सेवक परिवार नोएडा द्वारा सेक्टर 33 अग्रसेन भवन में कल आयोजित होने वाले पंचम फाल्गुन श्री श्याम महोत्सव की तैयारियां पूरी हो गयी हैं। श्याम महोत्सव में बाबा के लिए यूएई से खास इत्र मंगवाया गया है। इसके साथ ही महोत्सव में अन्य कई आयोजनों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

श्री श्याम सेवक परिवार मंडल के संस्थापक विकास जैन व अध्यक्ष सौरभ सिंगल ने बताया कि इस बार का उत्सव महा उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। महोत्सव में समुंदर मंथन का महादृश्य के साथ ही, सच्चे मोती से बाबा की नज़र उतारी जाएगी साथ ही वृंदावन की झांकियों से बाबा को रिझाया जाएगा।

होली महोत्सव के रूप में निशान यात्रा में 10 किलोमीटर तक हवा मे रंगों की होली खेली जाएगी।

उन्होंने बताया कि कलकत्ता से भव्य सिंगार मंगाया गया है साथ ही यूएई से बाबा के लिए खास इत्र भी मंगाया गया है। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहिका अंजलि द्विवेदी और भजन प्रवाहक शुभम रूपम भजन प्रस्तुत करेंगे।

महोत्सव की तैयारियों में मुख्य रूप से नवनीत गुप्ता लघु अग्रवाल सचिन गोयल निखिल अग्रवाल कपिल लखोटिया सौरव सिंगल अमित गोयल नरेन्द्र गोयल सुभाष गर्ग प्रवीन गर्ग सुंदर मित्तल विनय जैन भारत बंसल प्रिंस जैन राजेश मित्तल नरेन्द्र कुमार गोयल मनोज बंसल यश गर्ग मूलचंद गुप्ता पंकज अग्रवाल मोहन अग्रवाल राजकुमार गुप्ता मनोज जैन वीरेंद्र सिंगल कपिल जैन शुभम गोयल बंटी अग्रवाल विनीत महिपाल पंकज बंसल गौरव बंसल अंकुर बंसल लोकेश कुमार मनोज कुमार संदीप गर्ग रमन जी मनीष सिंगला विवेक अग्रवाल राकेश गोयल मनोज मित्तल संजय अग्रवाल नवीन अग्रवाल राकेश कुमार राजेश जिंदल हरीश जैन विशाल गर्ग सुभाष शर्मा अनिल कुमार ललित गोयल मुकेश गोयल मनीष अग्रवाल आदि लोग जुटे हुए हैं।